संपादकीय

# अमेरिका में महंगाई और बेघर होते लोग

## विकास के बीच गहराती असमानता का संकट

दुनिया की सबसे विकसित अर्थव्यवस्थाओं में गिने जाने वाले अमेरिका में बेघर लोगों की बढ़ती संख्या एक गहरी सामाजिक और आर्थिक विडंबना को उजागर करती है। तकनीकी प्रगति, उच्च आय और वैश्विक प्रभाव के बावजूद, देश का एक बड़ा वर्ग आज भी बुनियादी जरूरतों छत, भोजन और स्वास्थ्य से वंचित है। यह स्थिति केवल गरीबी का नहीं, बल्कि आर्थिक असमानता के बढ़ते अंतर का प्रत्यक्ष प्रमाण है। हाल के वर्षों में बेघर होना (होमलेसनेस) की समस्या तेजी से बढ़ी है। यह राजनीतिक जुमले नहीं हैं, जिसे एक कान से सुनकर दूसरे कान से निकाल दिया जाए। बल्कि यू.एस. डिपार्टमेंट ऑफ हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट के आंकड़े हैं जो बताते हैं, कि लाखों लोग स्थायी आवास से वंचित हैं। इन बेघर इंसानों में बड़ी संख्या कामकाजी वर्ग की भी है। यह तथ्य विशेष रूप से चिंताजनक है कि रोजगार होने के बावजूद लोग घर नहीं ले पा रहे हैं। इसका मुख्य कारण आवास की आसमान छूती कीमतें और स्थिर या सीमित वेतन है। कुल मिलाकर महंगाई की मार अब बड़े स्तर पर भी देखने को मिलने लगी है। लॉस एंजिल्स, सैन फ्रांसिस्को और न्यूयॉर्क सिटी जैसे बड़े शहरों में स्थिति सबसे अधिक गंभीर है। यहां सड़कों, पुलों के नीचे, टेंट कॉलोनियों और अस्थायी शिविरों में रहने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इन महानगरों में किराया इतना अधिक हो चुका है कि न्यूनतम वेतन पाने वाला व्यक्ति एक साधारण घर का खर्च भी नहीं उठा सकता। वैश्विक मंदी के इस दौर में बढ़ती महंगाई इस संकट का प्रमुख कारण है, लेकिन इसके पीछे भी कई परस्पर कारण जुड़ते हैं। इनमें स्थिर आय, महंगी स्वास्थ्य सेवाएं, मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं और नशे की बढ़ती प्रवृत्ति को भी शामिल किया गया है। इन कारणों ने स्थिति को और जटिल बना दिया है। कोविड-19 महामारी ने इस समस्या को और गहरा कर दिया, जब लाखों लोग बेरोजगार हो गए और उनकी आर्थिक सुरक्षा कमजोर पड़ गई। हालात को और चुनौतीपूर्ण बनाने में वैश्विक परिस्थितियों की भी भूमिका है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के मुख्य अर्थशास्त्री पियरे-ओलिवियर गोरिन्शास ने चेतावनी दी है कि यदि अमेरिका और ईरान के बीच जारी संघर्ष लंबा खिंचता है, तो वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ सकता है। तेल की कीमतों में वृद्धि और महंगाई में उछाल से आर्थिक वृद्धि दर घटकर लगभग 2 फीसद तक पहुंच सकती है, जो वैश्विक मंदी का सबसे बड़ा संकेत माना जाता है। ईरान के खिलाफ इजरायल के साथ मिलकर युद्ध शुरु करते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 'छोटी और निर्णायक' लड़ाई बताया था, लेकिन वास्तविकता कहीं अधिक जटिल साबित हो रही है। युद्ध, महंगाई और आर्थिक अनिश्चितता का सीधा असर आम नागरिकों, खासकर कमजोर वर्गों पर पड़ता है।

यह कौन नहीं जानता कि बेघर लोगों का जीवन अत्यंत कठिन और असुरक्षित होता है। उन्हें खुले आसमान के नीचे रहना पड़ता है, जहां सुरक्षा, स्वच्छता और स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव होता है। कई लोग अस्थायी आश्रयों पर निर्भर रहते हैं, लेकिन वहां भी सीमित जगह और संसाधनों के कारण सभी को सुविधा नहीं मिल पाती। सरकार और सामाजिक संस्थाएं इस समस्या के समाधान के लिए प्रयासरत हैं, लेकिन चुनौतियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। इस हालात में केवल अस्थायी राहत उपाय पर्याप्त नहीं हैं। सस्ती आवास योजनाएं, रोजगार के बेहतर अवसर, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और मानसिक स्वास्थ्य समर्थन को मजबूत करना आवश्यक है। अमेरिका का यह परिदृश्य एक व्यापक संदेश देता है, केवल आर्थिक विकास किसी समाज की समृद्धि का मापदंड नहीं हो सकता। जब तक विकास के लाभ समाज के सभी वर्गों तक समान रूप से नहीं पहुंचते, तब तक असमानता की खाई गहराती रहेगी। बेघर लोगों की बढ़ती संख्या इस बात का स्पष्ट संकेत है कि दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था को अब अपने विकास मॉडल पर पुनर्विचार करना होगा। युद्ध की भाषा को त्यागकर सभी को साथ लेकर आगे बढ़ना होगा। अन्यथा, 'अमेरिकन ड्रीम' केवल एक सपना बनकर रह जाएगा, जिसे हकीकत में बदलने का अवसर हर नागरिक को नहीं मिल पाएगा।

सनत जैन

राज काज

### एग्जिट पोल को लेकर घमासान

पश्चिम बंगाल के चुनाव को लेकर जो एग्जिट पोल आये है। उसको लेकर पश्चिम बंगाल सहित देश में भारी बवाल मचा हुआ है। एक प्रमुख सर्वे एजेंसी ने सर्वे के डाटा को उजागर करने से मना कर दिया है। पिछली बार इसके परिणाम गलत साबित हुए थे। उसने कहा कि 10 में से 6 मतदाताओं ने उससे बात ही नहीं की है। फिर किस तरह से सर्वे तैयार किया यह नहीं बता पा रही है। पश्चिम बंगाल की जो सर्वे एजेंसी थी। जिनमें आनंद बाजार पत्रिका भी है। उसके गोदी मीडिया से इतर एग्जिट पोल के परिणाम रहे हैं। इसके बाद भारी बवाल मचा हुआ है। 4 मई के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। किसके एग्जिट पोल सही है। भाजपा ने तो पहले से ही उत्सव मनाना शुरू कर दिया है।

### आंधी तूफान के बीच क्रूज पर्यटन से 9 की मौत

मध्य प्रदेश के बरगी में 9 लोगों की नर्मदा में डूबने से मौत हो गई। आंधी और तूफान की चेतावनी के बाद भी क्रूज 40 से अधिक यात्रियों को लेकर को सैर करा रहा था। इन दिनों नैतिकता या जिम्मेदारी का कोई स्थान नहीं है। हर किसी को पैसे कमाना है। मौत के बाद सरकार जागी। उसने क्रूज पर रोक लगा दी। पैसे कमाने के लिए कुछ भी करेंगे? वह सब कुछ जायज ही माना जाएगा। जिनको मरना था,वह मर गए, यह उनका भाग्य था। भाग्य के सामने सभी बेबस हैं।

### ट्रंप पर राहु-केतु-शनि की छाया ?

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर,इन दिनों राहु केतु शनि की छाया है। ट्रम्प जो भी करते हैं, सब उल्टा हो रहा है। ईरान उनके ऊपर इतना भारी पड़ेगा, यह तो उन्होंने सपने में भी नहीं सोचा था। रही-सही कसर चीन और रूस पूरा कर रहे हैं। यूरो और नाटो देश ट्रंप का साथ छोड़कर टाटा बाय-बाय कर रहे हैं। उनकी ही पार्टी के सांसद और मंत्री ट्रंप के खिलाफ बोलने लगे हैं। गृह दशा ठीक कराने के लिए वह भारत में ज्योतिषी की तलाश कर रहे हैं। भारत में हवन पूजन हुआ था। वह अमेरिका में राष्ट्रपति का चुनाव जीत गए थे। एक बार फिर वह भारत की तरफ आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं।

### पवन खेड़ा की ग्रह दशा सुधरी,हिमंता शर्मा की बिगड़ी

कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा ने असम के मुख्यमंत्री की पत्नी के ऊपर तीन पासपोर्ट और अरबो रुपए की संपत्ति विदेश में होने का आरोप लगाया था। इसके बाद उनकी ग्रह दशा बिगड़ी। उन्हें असम ,तेलंगाना हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट के चक्कर लगाने पड रहे थे। सुप्रीम कोर्ट से पवन खेड़ा को अब राहत मिल गई है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश से हेमंता विश्वा शर्मा की मुसीबतें बढ़ रही हैं। इसे कहते हैं, ग्रह दशा हमेशा एक नहीं होती है, समय के साथ सबकी बदलती है।

# अस्थमा की वैश्विक त्रासदी: सबसे ज़्यादा भारत में 46% मौतें



दिलीप कुमार पाठक

विश्व अस्थमा दिवस पर विशेष



शहर की भागती भीड़ में अगर आप किसी चौराहे पर खड़े होकर गौर करें, तो आपको हर पांचवें-छठे बच्चे के कंधे पर लटके स्कूल बैग के किनारे से एक प्लास्टिक का इनहेलर झांकता मिल जाएगा। यह आज की वह कड़वी हकीकत है जिसे हम विकास की चकाचौंध में अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। हमने आलीशान हाईवे और चमकते एक्सप्रेस-वे तो बना लिए, हाथ में 5जी मोबाइल भी थाम लिया, लेकिन उसी हाथ में हमारे बच्चों के लिए नेबुलाइजर की पाइपें भी थमा दीं। हम विकास की ऐसी दौड़ में शामिल हो गए हैं जहां बैंक बैलेंस तो बढ़ रहा है, लेकिन फेफड़ों की उम्र घट रही है।

आज विश्व अस्थमा दिवस पर जब दुनिया इलाज की पहुंच की बात कर रही है, तो हमें यह पूछना होगा कि क्या हम वाकई बीमारी का इलाज ढूंढ रहे हैं या उस जड़ को ही खाद-पानी दे रहे हैं जो इस बीमारी को पैदा कर रही है। अस्थमा अब केवल जेनेटिक या पुरानी बीमारी नहीं रह गई है। यह विशुद्ध रूप से एक इकोलॉजिकल क्राइम यानी पर्यावरण के खिलाफ किए गए अपराध का नतीजा है। भारत की हवा में जो जहर घुल चुका है, वह सीधे हमारे फेफड़ों को नुकसान पहुंचा रहा है। प्रदूषण की बात चलते ही हमारी सुई अक्सर गाड़ियों के धुएं पर टिक जाती है, लेकिन हम उस मौसमी कहर को कैसे भूल सकते हैं जो उत्तर भारत के एक बड़े हिस्से का दम घोंट देता है। खेतों में जलती पराली ने अस्थमा के संकट को एक भयावह मोड़ दे दिया है। जब किसान भाई मजबूरन खेतों में आग लगाते हैं, तो वह काला धुआं सरहदों को नहीं पहचानता। वह धुआं स्मॉग बनकर हमारे घरों के ड्राइंग रूम तक घुस आता है, और तब सांस के मरीजों के लिए हर एक पल मौत से लड़ने जैसा होता है। विडंबना देखिए कि जिस मिट्टी से हमें अन्न मिलता है, उसी मिट्टी के ऊपर जलती आग हमारे मासूमों के फेफड़ों को झुलसा रही है। अगर आंकड़े देखें तो भारत में करीब 3 करोड़ से ज्यादा लोग अस्थमा से जूझ रहे हैं। सबसे भयावह तथ्य यह है कि दुनिया भर में अस्थमा से होने वाली मौतों में लगभग 46 प्रतिशत मौतें अकेले भारत में होती हैं। भारत में अस्थमा मरीजों की तादाद उतनी बड़ी समस्या नहीं है, जितनी कि उनसे होने वाली मौतों का आंकड़ा, जो दुनिया में सबसे ज्यादा है। यह आंकड़ा डराने वाला कम और शर्मिंदा करने वाला ज्यादा है। यह बताता है कि हमारे यहां या तो बीमारी की पहचान बहुत देर से होती है, या फिर इलाज इतना महंगा और जटिल है कि आम आदमी की पहुंच से बाहर है। अस्थमा के साथ सबसे बड़ी त्रासदी यह है कि इसके साथ एक सामाजिक कलंक जुड़ा है। आज भी कई माता-पिता यह स्वीकार करने को तैयार नहीं होते कि उनके बच्चे को दमा है। उन्हें लगता है कि इनहेलर की लत लग जाएगी। जबकि मेडिकल साइंस कहता है कि इनहेलर ही सबसे सटीक इलाज है क्योंकि यह सीधे प्रभावित नली पर काम करता है।

दवाइयों की गोलियां पूरे शरीर में घूमकर असर करती हैं, जबकि इनहेलर सीधे फेफड़ों पर निशाना साधता है। समाज की इसी नासमझी और इलाज के डर ने इस बीमारी को घर-घर में घातक बना दिया है। प्रदूषण की मार केवल बाहर ही नहीं है, हमारे घरों के भीतर भी है। अगरबत्ती का धुआं, बंद कमरों की नमी और रसोई से निकलता धुआं ये सब अस्थमा के मरीजों के लिए साइलेंट किलर का काम करते हैं। इसके ऊपर से बढ़ती गर्मी और हीटवेव ने इस संकट को दोगुना कर दिया है। जैसे-जैसे तापमान बढ़ता है, हवा में ओजोन का स्तर और धूल के कण बढ़ते हैं, जो सांस की नलियों में सूजन पैदा कर देते हैं। अब समय केवल जागरूकता का नहीं, बल्कि जवाबदेही का है।

सुविचार

धन बर्बाद करके आप निर्धन होते है लेकिन समय बर्बाद करके आप अपना जीवन नष्ट करते है।

- अज्ञात

जब आप दो बुराइयों में से छोटी बुराई को चुनते है, तो याद रखें कि वह अभी एक बुराई ही है।

- मैक्स लर्नर

प्रसंगत

### बादशाह की सीख

यह घटना उस समय की है, जब दिल्ली के तख्त पर नसरुद्दीन नामक बादशाह बैठा हुआ था। वह बहुत ही भला और सहिष्णु शासक था। वह शाही खजाने का उपयोग केवल प्रजा की भलाई के लिए करता था। वह अपने परिवार का खर्च कुरान शरीफ का अनुवाद करके चलाता था। एक दिन उसके एक नौकर ने कहा, 'बादशाह सलामत! मेरी बेटी की शादी है। यदि आप इसमें थोड़ी सहायता कर सकें तो बड़ी मेहरबानी होगी।' नौकर की बात सुनकर नसरुद्दीन ने कहा, 'भाई, इस समय तो मेरे पास केवल मेरी कमाई के दो रुपये हैं। तुम इन्हें ले जाओ। खुदा तुम्हारा भला करेगा।' केवल दो रुपये देखकर नौकर हैरानी से बादशाह की ओर देखने लगा। बादशाह ने कहा, 'भइया, ये दो रुपये मेरी नेक कमाई के हैं। कुछ कम जरूर हैं, मगर तुम यह हमेशा याद रखो कि नेकी की कमाई में हमेशा बढ़ोतरी ही होती है।' अब इस पर नौकर क्या कहता। उसे लगा बादशाह और पैसे नहीं देना चाहते। वह मायूस होकर अपने गांव चल पड़ा। रास्ते में उसने सोचा कि इन रुपयों से उसकी बेटी की शादी में कोई खास मदद नहीं हो पाएगी, इसलिए उसने उससे अनार की कुछ टोकरियां खरीद लीं। कई दिनों बाद गांव के करीब पहुंचने पर नौकर को पता चला कि नसरुद्दीन की बीवी सख्त बीमार है।

# दिव्यांगों के लिए सहायक उपकरणों की क्वालिटी में लापरवाही अब भारी पड़ेगी

एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी

दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक अधिकारों का विस्तार- समानता से सुलभता तक: भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 21 और 41 के आलोक में नए गुणवत्ता मानक जारी भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए सहायक उपकरणों, विशेषकर वॉकिंग स्टिक्स, बैसाखियों, व्हीलचेयर रैंप और ब्रेल साइनेज के लिए नए गुणवत्ता मानक जारी करना सराहनीय वैश्विक स्तरपर भारत आज एक ऐसे जनसांख्यिकीय संक्रमण (डेमोग्राफ़िकट्रांसिशन) के दौर से गुजर रहा है, जहाँ एक ओर युवा आबादी उसकी आर्थिक शक्ति का आधार बनी हुई है, वहीं दूसरी ओर बुजुर्गों और दिव्यांगजनों की संख्या में तेजी से वृद्धि एक नईसामाजिक आर्थिक और नीतिगत चुनौती के रूप में उभर रही है।चिकित्सा विज्ञान की प्रगति,जीवन प्रत्याशा में वृद्धि, और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के कारण लोगों की औसत आयु बढ़ी है,जिससे वृद्धजन आबादी काअनुपात लगातार बढ़ रहा है। इसके साथ ही,सड़क दुर्घटनाओं औद्योगिक हादसों,जन्मजात विकृतियों तथा विभिन्न रोगों के कारण दिव्यांगजनों की संख्या भी उल्लेखनीय रूप से सामने आ रही है।

ऐसे परिदृश्य में किसी भी आधुनिक और संवेदनशील राष्ट्र की जिम्मेदारी केवल आर्थिक विकास तक सीमित नहीं रहती,बल्कि वह अपने समाज के सबसे कमजोर, निर्भर और विशेष आवश्यकता वाले वर्गों के लिए भी समावेशी (इंक्लूसिव) और सुलभ (एक्सेसिबल) व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस कदम उठाता है।भारत सरकार ने इसी सोच के तहत विकलांग शब्द को बदलकर दिव्यांग शब्द को अपनाया है, जो केवल भाषाई परिवर्तन नहीं बल्कि एक मानसिकता परिवर्तन का संकेत है। यह बदलाव इस विचार को दर्शाता है कि दिव्यांगजन किसी कमी के प्रतीक नहीं,बल्कि विशेष क्षमताओं वाले व्यक्ति हैं जिन्हें उचित संसाधन,अवसर और अनुकूल वातावरण प्रदान किया जाए तो वे समाज में समान रूप से योगदान दे सकते हैं। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क़ि इसी व्यापक दृष्टिकोण का विस्तार 1 मई 2026 को तब देखने को मिला जब भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए सहायक उपकरणों,विशेषकर वॉकिंग स्टिक्स, बैसाखियों, व्हीलचेयर रैंप और ब्रेल साइनेज के लिए नए गुणवत्ता मानक जारी किए।

यह पहल न केवल भारत के भीतर जीवन की गुणवत्ता सुधारने का प्रयास है, बल्कि इसे वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।इन नए मानकों का आधार भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा राष्ट्रीय आवश्यक सहायक उत्पाद सूचि (एनएलईएपी) तैयार की गई तैयार की गई है।यह सूची विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ)की उसअवधारणा से प्रेरित है, जिसमें सहायक उपकरणों को स्वास्थ्य सेवा का अनिवार्य हिस्सा माना गया है। एनएलईएपी का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि दिव्यांग और बुजुर्गजन केवल उपकरणों की उपलब्धता तक सीमित न रहें,बल्कि उन्हें सुरक्षित, टिकाऊ उपयोग में आसान और अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता के अनुरूप उपकरण प्राप्त हों। इस पहल के तहत तैयार किए गए मानकों में सुरक्षा, एर्गोनॉमिक्स (मानव शरीर के अनुरूप डिजाइन), टिकाऊपन,और उपयोगकर्ता की सुविधा को विशेष प्राथमिकता दी गई है।

साथियों बात अगर हम सबसे पहले यदि वॉकिंग स्टिक (छड़ी) के मानकों की बात करें तों, तो बीआईएस ने इसके लिए दो प्रमुख मानक निर्धारित किए हैं आईएस 5145: 2026 और ह्रस 18558 (भाग 4):2025 आईएस 5145: 2026 एक व्यापक भारतीय मानक है, जिसमें लकड़ी,बांस, एल्युमिनियम, प्लास्टिक और रबर जैसे विभिन्न सामग्रियों से बनी छड़ियों के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इसमें छड़ी की लंबाई, वजन, मजबूती पकड़ (ग्रिप),सतह कीफिनिशिंग और उसकी स्थायित्व जैसे पहलुओं को विस्तार से परिभाषित किया गया है। यह सुनिश्चित करता है कि उपयोगकर्ता को संतुलन बनाए रखने में अधिकतम सहायता मिले और गिरने जैसी दुर्घटनाओं की संभावना कम हो। दूसरी ओर, आईएस 18558 (भाग 4): 2025, जो कि आईएसओ 11334-4 के अनुरूप है, विशेष रूप से तीन या अधिक पैरों वाली वॉकिंग स्टिक्स के लिए तैयार किया गया है।

जरा हटके

# खेत में खुदाई के दौरान आई आवाज और फिर...

**ओस्लो,(ईएमएस)।** पुरातत्वविदों की एक टीम ने जब हाल ही में एक गांव के खेत में खुदाई शुरू की, तो उन्हें अंदाजा नहीं था कि वे इतिहास रचने जा रहे हैं। जैसे ही जमीन में गड्ढा थोड़ा गहरा हुआ, अचानक अंदर से धातुओं के टकराने की खटखट की आवाज आने लगी। इस आवाज को सुनकर खुदाई कर रहे कर्मचारी और विशेषज्ञ दंग रह गए। जैसे-जैसे खुदाई आगे बढ़ी, जमीन के भीतर से चांदी की ऐसी चमक निकली कि वहां मौजूद लोगों की आंखें फटी की फटी रह गईं। जमीन के सीने में सदियों से दफन खजाना बाहर निकल रहा था। यह पूरा मामला नॉर्वे के पूर्वी हिस्से में बसे रेना गांव के पास का है। दरअसल, दो मेटल डिटेक्टरिस्टों को खेत में शुरुआती जांच के दौरान 19 प्राचीन सिक्के मिले थे। इसी सुराग के आधार पर पुरातत्वविदों की टीम ने वैज्ञानिक तरीके से खुदाई का निर्णय लिया। जांच के दौरान जैसे ही डिटेक्टर मशीन लगाई गई, वह लगातार संकेत देने लगी। गहराई में जाने पर एक के बाद एक सैकड़ों सिक्के निकलने शुरू हो गए। विशेषज्ञों की मौजूदगी में की गई इस खुदाई में कुल 2,970 चांदी के सिक्के बरामद हुए हैं। यह नॉर्वे में अब तक मिला विकिंग युग के सिक्कों का सबसे बड़ा भंडार बताया जा रहा है। पुरातत्वविदों के अनुसार, यह खजाना लगभग 1050 ईसवी के आसपास का है। बरामद किए गए सिक्के मुख्य रूप से इंग्लैंड, जर्मनी, डेनमार्क और नॉर्वे में ढाले गए थे। इनमें इंग्लैंड के राजा एथेलरेड द्वितीय (978-1016), कनूट द ग्रेट (1016-1035) और पवित्र रोमन साम्राज्य के सम्राट ओटो तृतीय के समय के सिक्के शामिल हैं। इसके अलावा, नॉर्वे के राजा हाराल्ड हार्डराडा के काल के सिक्के भी इस संग्रह का हिस्सा हैं।

सिक्कों के साथ-साथ चांदी के गहनों के टुकड़े भी मिले हैं, जिन्हें उस काल में मुद्रा के विकल्प के रूप में उपयोग किया जाता था।स्थानीय पुरातत्वविद् मेई-टोवे स्मिसेथ ने इस खोज को अपने करियर का सबसे अनोखा अनुभव बताया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह धन उस समय होने वाले लोहे के व्यापार से कमाया गया होगा, क्योंकि तब इस क्षेत्र में लोहे का बड़े पैमाने पर उत्पादन और यूरोप में निर्यात होता था। फिलहाल मौके पर खुदाई और शोध का काम जारी है। विशेषज्ञों को उम्मीद है कि यहां और भी प्राचीन वस्तुएं या किसी पुरानी बस्ती के अवशेष मिल सकते हैं।

फोटो ऑफ द डे



नेबल्स में फीलिस्तीनी प्रदर्शनकारियों को खदेड़ते हुए इजरायली सैनिक। इस दौरान 26 साल के नेफ समारो की मौत हो गयी जबकि चार अन्य घायल हो गये। -फोटो-ईएमएस

व्यंग

# कुछ तीखा हो जाए

अशोक गौतम

पता नहीं आपको यक़ीन होगा कि नहीं, परन्तु मैं सच कह रहा हूँ कि पराली जलने से नहीं, समाज जलने से मेरा कुछ न कुछ आए दिन घुट-घुट कर मर रहा है। समाज जलने के धुएँ की घुटन से पहली बार जब मेरा सच मरा था तो ख़ुदा क़सम! मैं बहुत परेशान हुआ था। बहुत रोया था। सोचा, अब कैसे जिऊँगा। सच के बिना कोई जीना भी जीना होता है लल्लू! पर मेरा रोना बेकार था। इधर मेरे सच की अर्थी भी न उठी थी कि चुपके से झूठ ने मेरे कंधे पर बड़े प्यार से अपना हाथ रख मुझे हौसला दिया और सच का उठाला होने से पहले ही मैं जितना सच के साथ चला करता था, उससे कई गुणा तेज़ी से दौड़ने लगा। तब पता चला था कि सर्वाइवल ऑफ़ द फिटेस्ट बिल्कुल सही है। तब पता नहीं मेरे सच के मरते ही मेरे पैरों को पंख कहाँ से लग गए। क़सम खाकर कहता हूँ, तब पंख वाले पैर पहली बार महसूस किए थे। वर्ना बेड़ियों वाले पैरों में ही चलता रहा था।

मेरे सच के मरने पर लगा, अरे यार! अब तो ज़िन्दगी पंख सी हल्की हो गई। जहाँ मन करे मज़े से उड़ो! विशुद्ध झूठे हैं वे जो कहते हैं कि झूठ के पाँव नहीं होते। झूठ के ही क्या, किसीके भी नहीं होने चाहिएँ। जिसके पास चलने के लिए अपने पाँव होते हैं उसके पाँव पर क़दम-क़दम पर कुल्हाड़ियाँ मार-मार कर, अपने तक उन्हें लहूलुहान कर देते हैं। फिर मेरी ईमानदारी मरी, मैंने कोई संज्ञान नहीं लिया। मरी तो मरती रहे। फिर मेरा विश्वास मरा, फिर भी मैंने कोई संज्ञान नहीं लिया। मरा तो मरता रहे। समाज के बदलते व्याकरण में जीव की तरह मूल्य भी तो नश्वर हो गए हैं। पर अब सुनो मज़े की बात! कल रात मेरा ज़मीर भी मर गया। कुल मिलाकर अवसर दुअवसर सुअवसर हर आदमी के पास दिखाने को एक जितना भी हो, ज़मीर ही होता है जो झूठ, बेईमानी में भी उसे ज़िन्दा रहने की प्रेरणा देता रहता है। तब पल भर को तो मुझे लगा कि मैं भी अब गया। कारण, मेरे शतरंज के ख़ास दोस्त बात बात पर कहा करते थे कि बेटा! शतरंज में वज़ीर और ज़िन्दगी में ज़मीर मर जाए तो खेल ख़त्म हो हुआ समझो, चाहे कितनी ही गेम और ज़िन्दगी क्यों न शेष बची हो।

तब ज़मीर के मरते ही मुझे कुछ-कुछ घुटन महसूस हुई। लगा, शतरंज वाला दोस्त ठीक ही कहता था। ज़मीर के मरते ही मैंने ज्यों ही इस बात की, सुखद या दुखद जो भी मेरे फ़ेसबुकिया फ़्रेंड समझें, सूचना अपने तमाम मित्रों से साझा की तो तुरंत मिली-जुली प्रतिक्रिया हुई। आजकल लोग फ़ेसबुक पर ही खाते हैं, फ़ेसबुक पर ही नहाते हैं, फ़ेसबुक पर ही मेहनत करते-करते सो जाते हैं। कुछ ने तत्काल लिखा, 'गुड लक! बहुत भाग्यशाली हो। देर से ही सही, मरे ज़मीर वाले हुए। अब खीर खाओ। औरों की कड़ाही का हलुआ खाओ!' तो कुछ ज़मीरियों ने लिखा, 'बेटा! अब तुम गए। ज़मीर मर जाने के बाद आदमी के भीतर कुछ शेष मरने को नहीं जाता। जितने को हम आते हैं अपनी अंतिम यात्रा की तैयारी करो।

चिंतन-मनन

# अपना दृष्टिकोण

एक कन्या ने अपने पिता से कहा, मैं किसी पुरातत्वविद् से विवाह करना चाहती हूं। पिता ने पूछा, क्यों? कन्या बोली, पिताजी! पुरातत्वविद् ही एक ?सा व्यक्ति होता है जो पुरानी चीजों को ज्यादा मूल्य देता है। मैं भी ज्यों-ज्यों पुरानी होती जाऊंगी, बूढ़ी होती जाऊंगी, मेरा मूल्य भी बढ़ता जाएगा। वह मेरे से नफरत भी नहीं करेगा। पुरातत्वविद् यह नहीं देखता कि वस्तु कितनी सुन्दर है, कितनी असुन्दर है। वह इतना देखता है कि वस्तु कितनी पुरानी है। यह उसके मूल्यांकन की दृष्टि होती है।

कहने का अर्थ यह कि मूल्यांकन का अपना-अपना दृष्टिकोण होता है। मूल्यांकन का हमारा भी एक दृष्टिकोण है। अध्यात्म की साधना करने वाले व्यक्ति का अपना एक दृष्टिकोण होता है मूल्यांकन का और वह उसका स्वयं का दृष्टिकोण होता है, किसी से उधार लिया हुआ नहीं। उसका दृष्टिकोण बदले, चरित्र बदले। वह पुराना ही न रहे, नया बने। पुरानेपन का आग्रह छूटे। साधना में पुरातत्वविद् की दृष्टि काम नहीं देती। वहां नयेपन का आयाम खुलता है और सदा नया बना रहने की आकांक्षा बनी रहती है।

प्रत्येक समझदार आदमी का प्रयत्न सप्रयोजन होता है। ध्यान की साधना करने वाले व्यक्ति का साध्य है-रूपान्तरण दृष्टि का रूपान्तरण, चरित्र का रूपान्तरण। अहं को अर्हम् में बदलना। अहं और अर्हम् में केवल एक मात्रा का अन्तर है। साधक अहं को छोड़कर अर्हम् बनना चाहता है। एक मात्रा का अर्जन करना है।

स्वास्थ्य

# हाथ-पैर के असामान्य रूप से ठंडे रहना गंभीर बीमारियों के संकेत

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** हाथ-पैर के असामान्य रूप से ठंडे रहने या उनमें सुन्नपन महसूस होना शरीर के भीतर चल रही किसी गंभीर आंतरिक कमजोरी या असंतुलन का स्पष्ट संकेत हो सकती है। विशेषकर गर्मियों के मौसम में जब बाहर का वातावरण गर्म होता है, तब भी यदि किसी के हाथ और पैर बर्फ जैसे ठंडे बने रहते हैं, तो यह केवल एक शारीरिक बदलाव नहीं, बल्कि शरीर के लिए एक महत्वपूर्ण चेतावनी है जिसे नजरअंदाज करना सेहत के लिए हानिकारक सिद्ध हो सकता है। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार, हाथों और पैरों का ठंडा रहना सीधे तौर पर शरीर में रक्त संचार की अक्षमता से जुड़ा हुआ है। हमारा शरीर एक जटिल प्रणाली है जहां रक्त न केवल ऑक्सीजन और पोषक तत्व पहुंचाता है, बल्कि पूरे शरीर में गर्मी भी बनाए रखता है और तापमान को भी नियंत्रित करता है। जब रक्त परिसंचरण धीमा पड़ जाता है या किसी कारण से बाधित होता है, तो सबसे पहले शरीर के बाहरी हिस्से, खासकर हाथ और पैर प्रभावित होते हैं क्योंकि वहां तक पर्याप्त रक्त नहीं पहुंच पाता। यह स्थिति शरीर के सामान्य तापमान संतुलन को बिगाड़ देती है। इसके अतिरिक्त, खराब पाचन तंत्र भी इस समस्या की एक बड़ी वजह हो सकता है। जब पाचन ठीक से नहीं होता, तो शरीर भोजन से पर्याप्त ऊर्जा और पोषण अवशोषित नहीं कर पाता, जिसका सीधा असर शरीर की समग्र कार्यप्रणाली और रक्त उत्पादन पर पड़ता है।

## न्यूज ब्रीफ

### किसान को कुल्हाड़ी मारी

फरियादी रमेश पिता मोतीलाल वर्मा 45 साल निवासी चंद्रावती गंज ने पुलिस को बताया कि पुराने विवाद को लेकर बसंत पिता कन्हैया लाल मालवीय ने कुल्हाड़ी मार दी। जिसमें वह घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

### महिला से की छेड़छाड़

गाड़ी अड्डा क्षेत्र में रहने वाली महिला ने पुलिस को बताया कि किराने का सामान लेने जा रही थी तभी रास्ते में नितिन पिता सुरेश राठौड़ ने छेड़छाड़ की और धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

### रिक्शा के कांच फोड़े

फरियादी कैलाश पिता मूलचंद पाल निवासी नंदनवन कॉलोनी ने पुलिस को बताया कि उसकी घर के बाहर खड़ी ऑटो रिक्शा के कांच क्षेत्र में रहने वाले गोपाल चौहान ने फोड़ दिए और धमकी देकर भाग गया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### किशोरी ने जहर खाया

विनोद नगर में रहने वाली किशोरी ने पारिवारिक विवाद के चलते जहर खा लिया जिसे परिजनों ने बड़े अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत खतरे से बाहर है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### हंगामा करते पांच बंदी

द्वारकापुरी पुलिस ने कुंदन नगर में झगड़ा करते हुए विनोद पिता मांगीलाल चौहान कमलेश पिता कृष्ण कुमार रघुवंशी अशोक पिता जगदीश सेन और दो अन्य को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी आपस में झगड़ा कर शांति भंग कर रहे थे। इनके खिलाफ केस दर्ज किया है।

### बहु को दहेज प्रताड़ना

फरियादी रोशनी यादव 30 साल निवासी बाणगंगा की रिपोर्ट पर पति दीपक यादव सास कांत यादव ससुर अनिल यादव के खिलाफ केस दर्ज किया है फरियादी ने पुलिस को बताया कि उसे मायके से पांच लाख रुपए लाने के लिए प्रताड़ित कर रहे थे।

### टक्कर से दो घायल

पिपलियाहाना चौराहे पर ट्रक की टक्कर से बाइक सवार प्रकाश पिता मुन्नालाल पवार और अजय पिता जगदीश वर्मा घायल हो गए। पुलिस ने चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### गांजा सहित दो बंदी

विजयनगर पुलिस ने चेकिंग के दौरान स्कूटर सवार राजेश पिता केदार सोलंकी और विनोद पिता रमाशंकर गुर्जर को पकड़ा इनके पास से 530 ग्राम गांजा बरामद किया है। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

### चाकू सहित चार धराए

गांधीनगर पुलिस ने महेश सिसोदिया और कमल जाट को पकड़ा इनके पास से दो चाकू जप्त किए । इसी प्रकार पुलिस जूनी इंदौर ने पवन गुहार और मुकेश यादव को पकड़ा इनके पास से भी दो चाकू जप्त किए हैं। सभी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### चाचा को चाकू मारा

अमर टेकरी में रहने वाले विशाल पिता लक्ष्मी नारायण परमार ने पुलिस को बताया कि घरेलू बात को लेकर हुए विवाद में भतीजा दिनेश परमार ने उन्हें चाकू मार दिया और धमकी देकर भाग गया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### पत्नी का सिर फोड़ा

गंगा कॉलोनी धार रोड में रहने वाली महिला ने पुलिस को बताया कि पति नितिन पिता अशोक वर्मा ने चरित्र शंका का आरोप लगाते हुए उसके सिर पर डंडा मार दिया जिसमें वह घायल हो गई। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

### एक्टिवा चोर धराया

पलासिया क्षेत्र से फरियादी मनीष पिता सतीश शर्मा की एक्टिवा चुरा कर ले जाते हुए शुभम पिता विजय वर्मा को पुलिस ने रंगे हाथों पकड़ा है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

### 7 नशेड़ी बंदी

खजराना पुलिस ने गांजा पीते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार हीरानगर पुलिस ने भी तीन आरोपियों को गंजा पीते हुए पकड़ा है ।सभी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

### किशोरी का अपहरण

एरोड्रम थाना क्षेत्र में रहने वाली किशोरी परिजन को बिना बताए घर से चली गई। परिजनों ने उसे रिश्तेदार और अन्य जगह तलाश मगर उसका कहीं पता नहीं चला।

पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है।

### बुजुर्ग की संदिग्ध मौत

सांवेर थाना अंतर्गत बड़ोदिया खान के पास रहने वाले घनश्याम पिता उमराव सिंह मौर्य 62 साल को परिजन बेहोशी की हालत में बड़े अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित किया।

# बंगाल चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत पर इंदौर में जश्न





**इंदौर।**

इंदौर। पश्चिम बंगाल चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रचंड जीत के उपलक्ष्य में शहर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। वार्ड क्रमांक 34 स्थित खालसा चौक, निरंजनपुर चौराहे पर सुरेंद्र पाल मित्र मंडल की अगुवाई में भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने आतिशबाजी कर खुशी जाहिर की तथा एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर जीत का जश्न मनाया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना रहा।

इस अवसर पर इंदौर नगर निगम के सभापति मुन्नालाल यादव, भाजपा नेता सुरेंद्र पाल, पप्पू राठौर, अमित पंडित, ओम प्रकाश खंडारे, छोटेलाल डोडिया, साधू सिंह बरार, गुरपाल सिंह धनवा, रामबाबू विश्वकर्मा, प्रेम पवार, तुलसीराम विश्वकर्मा, कृष्ण बेदी, प्रेमलता धारीवाल एवं सावित्री वर्मा सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## प्रेम संबंध टूटने पर युवक ने युवती पर किया जानलेवा हमला

### लोगों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**इंदौर।**

जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में एक युवक ने प्रेम संबंध टूटने से नाराज होकर युति पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना के बाद वहां मौजूद लोगों ने आरोपी को पड़कर उसकी जमकर पिटाई की और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 वर्षीय सिमरन बदला हुआ नाम की रिपोर्ट पर उसके पूर्व प्रेमी विक्रम तंवर निवासी जूनी इंदौर के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। सिमरन ने पुलिस को बताया कि वह एक रेडीमेड कपड़ों की दुकान में काम करती है। विक्रम पहले उसके पिता के रेस्टोरेंट पर काम करता था। लगभग 2 साल पहले दोनों के बीच दोस्ती हुई और बाद में विक्रम उसे कोटा ले जाकर शादी कर ली। सिमरन के मुताबिक विक्रम नशे का आदी था जिससे परेशान होकर उसने एक साल पहले उससे दूरी बना ली और अपने माता-पिता के साथ रहने लगी। शनिवार को आरोपी विक्रम सिमरन के घर पहुंचा और धमकी देते हुए कहा कि वह उसे किसी को मुंह दिखाने लायक नहीं छोड़ेगा इसके बाद उसने चाकू निकाल कर उसके गाल पीठ और हाथ पर वार कर दिए।

सिमरन किसी तरह जान बचाकर घर के अंदर भाग और शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आरोपी को पकड़कर उसकी जमकर पिटाई की फिर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

### चोरों ने जैन मंदिर पर बोला धावा

# चोरों ने चांदी की मूर्तियां चुराई





#### घटना से जैन समाज में आक्रोश

**इंदौर।**

चोरों ने रविवार और सोमवार की देर रात सुपर कॉरिडोर स्थित ग्रेटर बाबा जैन मंदिर पर धावा बोला। चोर चांदी की मूर्तियां और अन्य सामान चुरा कर ले गए। आज सुबह मंदिर खुलते ही चोरी का पता चला तो जैन समाज में आक्रोश फैल गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रेटर बाबा जैन मंदिर में चोरी की वारदात की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग पहुंचे। इन्होंने घटना को लेकर आक्रोश व्यक्ति किया। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने जल्द ही चोरों को पकड़ने का आश्वासन देकर मामला शांत कराया।



बताया जाता है कि कर पांच चांदी की मूर्तियां एक मिक्स धातुओं की मूर्ति, दो शांति धारा और 25 से अधिक कलश चुरा कर ले गए। पुलिस ने बताया कि कर रात्रि 2-15 बजे मंदिर में घुसे और 30 मिनट तक मंदिर में रहने के बाद वहां से भाग गए। बताया जाता है कि चोरों ने इसके पहले मंदिर की रेकी की थी।

एरोड्रम पुलिस ने बताया कि सुबह जब मंदिर के पट खोले गए तो गर्भग्रह से मूर्तियां गायब मिली। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई जिसके आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

## ट्रांसपोर्ट कारोबारी ने खुद को गोली से उड़ाया

**इंदौर।** लसूडिया थाना क्षेत्र में रविवार सोमवार की देर रात एक ट्रांसपोर्ट कारोबारी ने घर में खुद को गोली मार कर सुसाइड कर लिया। घटना से समूचे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक ट्रांसपोर्ट कारोबारी का नाम सुधीर जैन बताया जाता है। बताते हैं कि उनका किसी बात को लेकर पत्नी से विवाद हो गया था। इसके बाद उन्होंने रिवाल्वर से खुद की कनपटी पर गोली मार ली। पत्नी और आसपास के लोग उन्हें निजी अस्पताल ले गए जहां से उन्हें बड़े अस्पताल रेफर कर दिया जहां उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलती ही थाना प्रभारी राजकुमार यादव सहित पुलिस अधिकारी एवं फॉरेंसिक प्रभारी पहुंच गए थे। खबर लिखी जाने तक घटना की विस्तृत जानकारी नहीं मिल सकी। लसूडिया पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## व्यापारी का एक लाख से भरा बैग बदमाश लेकर फरार

**इंदौर।**



पंढरीनाथ थाना क्षेत्र के कर्बला मैदान के पास से एक पान मसाला व्यापारी का बाइक पर टंगा बैग अज्ञात बदमाश चुराकर ले गया, जिसमें एक लाख रुपए रखे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी हरिश्चंद्र पिता नारायण प्रसाद बडोनिया 55 साल निवासी श्रद्धापुरी एनएक्स की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज किया है। फरियादी हरिश्चंद्र के मुताबिक वह कर्बला स्थित एक पान की दुकान पर सामान देने के लिए रुका था। उसके मुताबिक बाइक पर एक बैग टंगा था जिसमें एक लाख रुपए रखे थे।

जिसे अज्ञात व्यक्ति चुराकर ले गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और वह एवं आसपास लगे सीसीटीवी के फुटेज चेक किए। इसी प्रकार फरियादी शिवानी पति आलोक शर्मा निवासी परसपर नगर ने पुलिस को बताया कि वह सुदामा नगर में रहने वाली बड़ी बहन से मिलने गई थी तभी किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी एक्टिवा की डिक्की का ताला तोड़कर उसमें रखे 1545 रुपए नगदी, क्रेडिट और एटीएम कार्ड चुराकर ले गया। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज किया।

## बदलाव की लहर: सड़कों पर दिखने लगा सकारात्मक असर

**इंदौर।** पुलिस की इस सतत मौजूदगी और सक्रियता से शहर के यातायात परिदृश्य में अब सकारात्मक बदलाव की लहर दिखने लगी है। प्रमुख बाजारों में अवैध पार्किंग में काफी कमी आई है और अब लोग सड़क पर वाहन छोड़ने से कतराने लगे हैं। पेट्रोलिंग टीमों की त्वरित कार्यवाही से जाम की स्थिति पैदा होते ही उसे तुरंत क्लियर करा लिया जाता है, जिससे सड़कों पर वाहनों का प्रवाह अधिक सुगम हुआ है। इस सख्ती का असर यह हुआ है कि व्यापारियों और आम नागरिकों में व्यवस्थित पार्किंग को लेकर सजगता बढ़ी है और व्हील लॉक व क्रेन की कार्यवाही से वाहन चालकों में नियमों के प्रति गंभीरता आई है। यातायात पुलिस का यह विशेष अभियान आने वाले दिनों में भी लगातार जारी रहेगा।

### चारों जोन में घेराबंदी

# प्रमुख बाजारों में चला पुलिस का डंडा



**इंदौर।**

यातायात पुलिस की पेट्रोलिंग और व्हील लॉक टीमों ने रविवार को विशेष रूप से उन हिस्सों को निशाना बनाया जहाँ अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। शहर के मध्य क्षेत्र और राजबाड़ा इलाके में जोन-4 की टीम ने सराफा बाजार, शक्कर गली, जवाहर मार्ग, नरसिंह बाजार और क्लॉथ मार्केट जैसे सघन क्षेत्रों में निरंतर भ्रमण किया। यहाँ सड़कों पर बेतरतीब खड़े वाहनों को क्रेन की मदद से हटवाया गया और कई वाहनों पर मौके पर ही व्हील लॉक लगाए गए। इसी तरह जोन-2 की टीम ने बापट से विजयनगर, रसोमा और एलआईजी चौराहे तक घेराबंदी की। जहाँ रॉन्ग साइड चलने वाले और मोबाइल का उपयोग करने वाले चालकों को भी कड़ा सबक सिखाया गया। पलासिया और एमजी रोड क्षेत्र में जोन-3 की टीम ने हाईकोर्ट से पलासिया और रीगल से दवा बाजार तक सड़क के दोनों ओर खड़े अवैध वाहनों पर सख्त कार्यवाही की जबकि जोन-1 की टीम ने बड़ा गणपति से एयरपोर्ट तक के पूरे मार्ग को क्लियर कराया।

#### सड़कों पर सख्ती, बाजारों में राहत

इंदौर। शहर की बेलगाम ट्रैफिक व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए इंदौर पुलिस अब एक्शन मोड में नजर आ रही है। पुलिस आयुक्त के निर्देशन और पुलिस उपायुक्त (यातायात) राजेश कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में शहर के चारों जोन में विशेष पेट्रोलिंग टीमों ने मोर्चा संभाल लिया है। रविवार को मुख्य मार्गों और व्यस्ततम बाजारों में सुगम यातायात सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया, जिसके तहत नो-पार्किंग में खड़े 241 वाहनों के विरुद्ध व्हील लॉक और चालानी कार्यवाही की।

### शराबी पति ने पत्नी के प्राइवेट पार्ट में डाली मिर्च

**इंदौर।** एक शराबी पति ने घरेलू विवाद के चलते पत्नी के साथ मारपीट की और फिर उसके प्राइवेट पार्ट में मिर्च पाउडर डाल दिया। उसकी हालत इतनी बिगड़ गई की दो अस्पतालों में उपचार करना पड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह सिलाई का काम करती है। शनिवार रात उसका पति शराब के नशे में घर पहुंचा और घरेलू बात और शादी से पहले के संबंधों को लेकर उसे विवाद करने लगा। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने गालियां दी और पानी भरने की नली से मारपीट की जिससे उसे गंभीर चोटें आई। पीड़िता के मुताबिक जब वह जमीन पर गिर गई तो आरोपी मिर्च पाउडर लाकर उसके प्राइवेट पार्ट में डाल दिया। दर्द से वह जोर-जोर से चीखने लगी।

#### भगवान के नौका विहार, फूलों की होली

## संगीतमय सुंदर काण्ड पाठ सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे, तैयारियां शुरू

**इंदौर।**



एयरपोर्ट रोड, पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ पर पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में हंस पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी रामचरणदास महाराज एवं महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज के सान्निध्य में रविवार 17 मई से सोमवार 15 जून तक, पूरे माह प्रतिदिन सुबह 9 से 12 एवं शाम 4 से 7 बजे तक 108 विद्वानों द्वारा भगवान रणछोड़जी की साक्षी में श्रीमद भागवत पारायण (मूलपाठ) एवं रामायण पारायण तथा जाप का दिव्य अनुष्ठान होगा। इस दौरान प्रतिदिन आरती एवं ब्राह्मण तथा संतों के लिए प्रसादी भी होगी। सभी कार्यक्रमों की व्यापक तैयारियां शुरू हो गई हैं। मठ परिवार के महंत पं. अमितदास महाराज ने बताया कि मठ की परम्परा के अनुसार अधिकमास के उपलक्ष्य में प्रतिदिन भगवान लक्ष्मीनारायण का गोपाल सहस्त्रनाम एवं श्रीसूक्त पाठ भी होगा। अनुष्ठान का शुभारंभ भगवान रणछोड़जी की परिक्रमा एवं मठ परिसर में शोभायात्रा के साथ होगा। मंडल पूजन, गणेश अम्बिका पूजन के पश्चात 108 ब्राह्मण विद्वानों द्वारा भागवत एवं रामायण के पारायण तथा ओम नमो भगवते वासुदेवाय महामंत्र का जाप भी होगा। महामंडलेश्वर स्वामी रामचरणदास महाराज ने अधिकमास की महिमा बताते हुए कहा कि अधिकमास में की गई भक्ति, दान और सेवा का पुण्य भगवान की नियमित अर्चना से कई गुना अधिक फलदायी होता है।

## पत्नी ने शराब नहीं पी तो सिर फोड़ दिया, केस दर्ज

**इंदौर।** चंदन नगर थाना क्षेत्र में महिला पर उसके ही पति ने हमला किया और धमकी देकर भाग गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मारुति पैलेस में रहने वाली ललिता यादव 22 साल ने पुलिस को बताया कि रविवार रात्रि 11:10 बजे पति राहुल यादव घर आया और रोज की तरह शराब पीने लगा।

मुझे जबरदस्ती शराब पीने को कहा मैं इनकार कर दिया तो गालियां देने लगा और मारपीट की, मैं शोर मचाया तो उसने मेरे सिर पर पत्थर मार दिया जिसमें खून निकलने लगा। पड़ोसी ने मुझे अस्पताल में भर्ती कराया। चंदननगर पुलिस आरोपी राहुल यादव की तलाश कर रही है। इसी प्रकार न्यू द्वारका पुरी में रहने वाले प्रकाश पिता चंद्रकांत पवार ने पुलिस को बताया कि संपत्ति को लेकर चाचा सुरेश पवार ने चाकू मार दिया और धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

## महिला से चेन और युवक से मोबाइल झपट लिया

**इंदौर।**

बाइक सवार लुटेरों ने अलग-अलग स्थान पर महिला से सोने की चेन और युवक से मोबाइल झपटकर फरार हो गए। एक घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी कंचन बाई पति भगवती प्रसाद राठौर 45 साल निवासी बिचोली मरदाना ने पुलिस को बताया कि वह शनिवार सुबह घर के पास टहल रही थी तभी बिना नंबर की बाइक पर सवार दो बदमाश आए और पता पूछने के बहाने उसके गले से सोने की चेन खींचकर फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

इसी प्रकार बिचोली हप्सी रोड पर रहने वाले श्रीकांत पिता बनवारी लाल वर्मा ने पुलिस को बताया कि और रविवार शाम 5:50 बजे मयंक ब्लू वाटर पार्क के सामने मोबाइल पर बात कर रहा था तभी काले रंग की बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर सवार दो बदमाश आए। पीछे बैठे बदमाश ने धक्का देखकर उस मोबाइल फोन छीन लिया और दोनों फरार हो गए। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है।

## कंपनी डायरेक्टर ने मैनेजर युवती से किया रेप का प्रयास, केस दर्ज

**इंदौर।**

हीरानगर थाना क्षेत्र में रहने वाली 23 वर्षीय नंदिनी बदला हुआ नाम की रिपोर्ट पर कंपनी के डायरेक्टर उमेश जाट के खिलाफ पुलिस ने रेप के प्रयास सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नंदिनी ने अपने भाई के साथ थाने पहुंच कर दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह एक कंपनी में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर कार्यरत थी। 10 अप्रैल को कंपनी के डायरेक्टर उमेश जाट ने बाहर मिलने की बात कही और फिर 25 अप्रैल शाम 6:30 बजे वह अपनी कार से मुझे जय बजरंग नगर स्थित एक फ्लैट पर ले गया। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर दिया और फिर मेरे साथ अश्लील हरकत कर रेप करने का प्रयास करने लगा मैं शोर मचाया तो धमकी दी की घटना की जानकारी अगर किसी को दी तो जान से मार दूंगा। हीरानगर पुलिस ने आरोपी उमेश जाट के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है। इसी प्रकार छेड़छाड़ की दूसरी घटना राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में हुई। सिलिकॉन सिटी में रहने वाली 21 वर्षीए दीपिका परिवर्तित नाम की रिपोर्ट पर आरोपी राहुल पिता विजय शंकर पोरवाल के खिलाफ पुलिस ने छेड़छाड़ की धारा में केस दर्ज किया है। दीपिका ने पुलिस को बताया कि वह एक गारमेंट्स दुकान में कार्यरत है और नौकरी खत्म कर घर जा रही थी तभी रास्ते में आरोपी ने रोक कर छेड़छाड़ की। पीड़िता ने यहां बाद परिजन को बताइ और फिर थाने पहुंचकर केस दर्ज कराया।

## खजराना गणेश मंदिर में सत्संग

**इंदौर।**



महाकालेश्वर और ओमकारेश्वर-ममलेश्वर जैसे दो ज्योतिर्लिंगों के बीच बसी देवी अहिल्या की नगरी और माँ नर्मदा एवं क्षिप्रा के सानिध्य में पहली बार शहर के खजराना गणेश मन्दिर पर 7 दिवसीय नर्मदा चिंतन ज्ञान यज्ञ का दिव्य आयोजन मंगलवार 5 मई से सोमवार 11 मई तक प्रतिदिन शाम 5 से 8 बजे तक माँ नर्मदा के अनन्य भक्त, पिछले लगभग दो हजार दिनों से भी ज्यादा समय से अखंड निराहार महाव्रत की कठोर साधना कर रहे परम तपस्वी, महायोगी, अवधूत दादागुरु भगवान की प्रेरणा एवं उनके पावन सानिध्य में होगा।

आयोजन समिति के राजेंद्र बंसल, नित्यम बंसल एवं देवांग शर्मा ने बताया कि कथा का शुभारंभ मंगलवार को शाम 4 बजे खजराना गणेश मंदिर परिसर में वृक्ष कलश यात्रा के साथ होगा। मंगल कलशधारी 501 महिलाओं को कलश में नर्मदा जल के साथ एक-एक पौधा भी दिया जाएगा जो सातों दिन कथा स्थल पर रखने के बाद अभिमंत्रित और सिद्ध पौधे के रूप में मातृशक्ति को प.पू. दादागुरु के करकमलों से भेंट किया जाएगा।

# इंदौर में हवस और ब्लैकमेल का खौफनाक खेल: रिश्तेदार बना दरिंदा

## आरोपी राम चालके गिरफ्तार — पीड़िता ने जहर खाकर करी जान देने की कोशिश, परिवार को मिल रहीं हत्या की धमकियां

इंदौर । शहर के भंवरकुआं थाना क्षेत्र से एक बेहद सनसनीखेज और दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जिसने रिश्तों की मर्यादा, महिलाओं की सुरक्षा और कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यहां एक महिला ने अपने ही रिश्तेदार पर अश्लील फोटो-वीडियो के जरिए ब्लैकमेल कर लंबे समय तक यौन शोषण करने का आरोप लगाया है।

पीड़िता सुषमा नावड़कर के अनुसार, आरोपी राम चालके उसे लंबे समय से आपत्तिजनक फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर रहा था। इस डर का फायदा उठाते हुए आरोपी ने महिला का बार-बार शारीरिक, मानसिक और यौन शोषण किया। हैरानी की बात यह है कि पीड़िता की शादी के बाद भी आरोपी का अत्याचार थमा नहीं, बल्कि और बढ़ता गया।

### टूटी हिम्मत, उठाया खौफनाक कदम

लगातार हो रहे उत्पीड़न और मानसिक दबाव से परेशान होकर पीड़िता ने आत्महत्या का प्रयास किया और कथित रूप से जहरीला पदार्थ खा लिया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां समय रहते इलाज मिलने से उसकी जान बच सकी। इस घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई।

### पुलिस की कार्रवाई: आरोपी गिरफ्तार



इलाज के बाद पीड़िता ने हिम्मत दिखाते हुए परिवार के साथ भंवरकुआं थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी राम चालके के खिलाफ बलात्कार, ब्लैकमेलिंग और यौन शोषण की गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। मेडिकल जांच के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजने की प्रक्रिया जारी है।

### मामले में नया और खतरनाक मोड़

मामला तब और गंभीर हो गया जब पीड़िता के भाई अमित कदम ने आरोपी के परिजनों पर धमकी देने के आरोप लगाए। उनका कहना है कि आरोपी पक्ष लगातार समझौते के लिए दबाव बना रहा है और मना करने पर जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। सूत्रों के मुताबिक, आरोपी के परिजनों द्वारा यह तक कहा गया कि 'रेप केस में तो सजा होनी ही है, तो हत्या ही कर देते हैं।' इस बयान ने पूरे मामले को और भयावह बना दिया है। पीड़ित परिवार दहशत में है और उन्होंने अपनी जान को खतरा बताया है।

### सुरक्षा की मांग, प्रशासन पर दबाव

पीड़िता के परिवार ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से सुरक्षा की मांग की है। साथ ही आरोपी और उसके सहयोगियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी है और सुरक्षा के पहलुओं पर भी विचार किया जा रहा है।

### समाज के लिए चेतावनी

यह घटना समाज के लिए एक बड़ा संदेश है कि रिश्तों की आड़ में होने वाले अपराध कितने खतरनाक हो सकते हैं। ब्लैकमेल और यौन शोषण के मामलों में पीड़ित अक्सर डर और शर्म के कारण चुप रहते हैं, लेकिन इस मामले में पीड़िता ने साहस दिखाकर आरोपी को कानून के शिकंजे तक पहुंचाया। इंदौर का यह मामला सिर्फ एक अपराध नहीं, बल्कि समाज के लिए चेतावनी है। अब सबकी नजर पुलिस और न्याय व्यवस्था पर है कि पीड़िता को कब और कैसे न्याय मिलता है, और क्या आरोपी को उसके अपराधों की सख्त सजा मिल पाती है।

---

बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने विभाग का मेगा अभियान

## लो वोल्टेज और लाइन में खराबी से मिलेगी राहत



**भोपाल।** शहर में बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए बिजली विभाग ने विशेष अभियान शुरू किया है। लंबे समय से उपकरण खराब होने और बार-बार फॉल्ट आने की समस्या से उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, जिसे देखते हुए अब सुधार कार्य तेज कर दिए गए हैं।

ट्रांसफॉर्मर, केबल और अन्य जरूरी उपकरणों की जांच और मेंटेनेंस किया जा रहा है। पुराने और जर्जर उपकरणों को बदला जा रहा है, ताकि गर्मी के मौसम में लोड बढ़ने के बावजूद सप्लाई प्रभावित न हो। विभाग का कहना है कि इससे अनियोजित कटौती और बार-बार आने वाले फॉल्ट में कमी आएगी।

उपकरण खराब होने का जो खतरा पहले बना रहता था, उससे भी अब राहत मिलने की उम्मीद है। बिजली विभाग के बड़े अधिकारी खुद जमीन पर उतरकर इस काम की मॉनिटरिंग कर रहे हैं, ताकि व्यवस्था बेहतर बनी रहे और आम जनता को कम से कम परेशानी हो। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि जहां-जहां काम चल रहा है, वहां थोड़े समय के लिए सप्लाई बाधित हो सकती है, लेकिन यह अस्थायी होगा। अभियान पूरा होने के बाद उपभोक्ताओं को अधिक स्थिर और बेहतर बिजली आपूर्ति मिलने की उम्मीद है।

---

ऐशबाग में अधूरा सुलभ कॉम्पलेक्स विवादों में

## रेलवे की बाउंड्रीवॉल के अंदर होने से लोगों की पहुंच नहीं

**भोपाल।** राजधानी के ऐशबाग इलाके में बन रहा सुलभ कॉम्पलेक्स अब विवादों में घिर गया है। रेलवे की जमीन पर निर्माण होने और हाल ही में बनी बाउंड्रीवाल के कारण कॉम्पलेक्स तक लोगों की पहुंच ही बंद हो गई है। ऐसे में इस निर्माण की उपयोगिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।



यह कॉम्पलेक्स बागदिलकुशा मार्केट के व्यापारियों और आसपास के रहवासियों की सुविधा के लिए बनाया जा रहा था। क्षेत्र में सार्वजनिक शौचालय की कमी को देखते हुए व्यापारियों ने इसकी मांग की थी, जिसके बाद नगर निगम ने ऐशबाग आरओबी के पास निर्माण शुरू कराया। फाउंडेशन, दीवार और छत का काम लगभग पूरा हो चुका है, जबकि अब सिर्फ फिनिशिंग बाकी है।

लेकिन जिस जमीन पर यह कॉम्पलेक्स बनाया जा रहा है, वह रेलवे की बताई जा रही है। रेलवे द्वारा हाल ही में बाउंड्रीवाल खड़ी किए जाने के बाद पूरा ढांचा उसके भीतर आ गया है, जिससे कॉम्पलेक्स तक पहुंच का रास्ता ही खत्म हो गया है। इस स्थिति में सवाल उठ रहा है कि निर्माण पूरा होने के बाद भी इसका उपयोग कैसे हो सकेगा।

स्थानीय रहवासियों का कहना है कि उन्होंने शुरुआत में ही इस स्थान को लेकर आपत्ति जताई थी और वैकल्पिक जगह भी सुझाई थी, लेकिन उनके सुझावों को नजरअंदाज कर निर्माण जारी रखा गया। अब इसे लापरवाही और योजना में खामी का मामला बताया जा रहा है।

स्थानीय निवासी मो. इशराक के अनुसार, उन्होंने निगम अधिकारियों से मिलकर पुरानी पानी की टंकी के पास कॉम्पलेक्स बनाने का सुझाव दिया था, जो नगर निगम की जमीन है। इसके बावजूद रेलवे भूमि पर निर्माण कराया गया। उनका कहना है कि अब रेलवे की बाउंड्रीवाल बनने से कॉम्पलेक्स पूरी तरह अंदर चला गया है, जिससे इसका उपयोग संभव नहीं दिख रहा।

इस पूरे मामले में नगर निगम की कार्यप्रणाली और योजना पर सवाल उठ रहे हैं, वहीं सार्वजनिक धन के उपयोग को लेकर भी स्थानीय लोगों में नाराजगी है।

---

## सवर्ण अधिकारी-कर्मचारी संगठन ने सौंपी नई जिम्मेदारियां



**भोपाल।** सवर्ण अधिकारी एवं कर्मचारी संगठन मध्यप्रदेश की महत्वपूर्ण बैठक राजधानी भोपाल स्थित 9 मसाला में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेशभर से संगठन के पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम का नेतृत्व संगठन के प्रमुख इंजीनियर अजय तिवारी ने किया। संगठन को मजबूत बनाने और प्रदेशव्यापी विस्तार के उद्देश्य से कई नई नियुक्तियों की घोषणा की गई।इंजीनियर अजय तिवारी के नेतृत्व में अलका शर्मा को महिला मोर्चा का प्रदेश संयोजक, हर्षा शर्मा को प्रदेश प्रवक्ता, राम मिश्रा को युवा संभागीय संयोजक, यशस्वी शर्मा को युवा महिला मोर्चा संभागीय संयोजक, भूपेंद्र सिंह परिहार को सतना जिला संयोजक, नर्मदा श्रीवास्तव को विदिशा जिला संयोजक, अजय सिंह राजपूत को भोपाल संभाग सह संयोजक, गिरजा शंकर तिवारी को भोपाल संभाग संयोजक, महेंद्र दीक्षित को दमोह संयोजक तथा लक्ष्मी प्रसाद शर्मा को दमोह सहसंयोजक नियुक्त किया गया।

अर्चना श्रीवास्तव को महिला मोर्चा प्रदेश संयोजक व्यापार मंडल तथा राघवेंद्र शर्मा को उप प्रांताध्यक्ष मध्यप्रदेश की जिम्मेदारी सौंपी गई।

---

## अमरकंटक में राज्य कर्मचारी संघ का मंथन, अभ्यास वर्ग में हितों की लड़ाई को तेज करने का संकल्प

**भोपाल** । अमरकंटक में आयोजित राज्य कर्मचारी संघ के दो दिवसीय अभ्यास वर्ग में कर्मचारियों के हितों से जुड़े मुद्दों को और अधिक मजबूती के साथ उठाने का संकल्प लिया गया। 2 और 3 मई को मां नर्मदा के उद्गम स्थल की शांत और प्रेरणादायी वातावरण में हुए इस आयोजन में संगठन की आगामी रणनीति, कर्मचारी समस्याओं के समाधान और भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई।अभ्यास वर्ग के दौरान कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक गतिविधियों के संचालन, आंदोलनों की रूपरेखा तैयार करने और उन्हें प्रभावी ढंग से संचालित करने के तरीकों की जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि सदस्यता अभियान को कैसे गति दी जाए,



पत्राचार को किस प्रकार प्रभावी बनाया जाए और पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का प्रवास किस तरह योजनाबद्ध तरीके से हो, ताकि संगठन की पकड़ और मजबूत हो सके। प्रदेश प्रवक्ता डॉ. अनिल भार्गव 'वायु' ने बताया कि प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यपद्धति और कर्मचारी हितों की रक्षा के लिए जरूरी कौशल सिखाए गए। वहीं प्रदेश अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव ने संगठन की एकजुटता और सक्रियता को बनाए रखते हुए कर्मचारियों के अधिकारों के लिए लगातार संघर्षरत रहने का आह्वान किया।प्रदेश महामंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि अभ्यास वर्ग में कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के समाधान के लिए ठोस रणनीति बनाई गई है और आने वाले समय में प्रभावी आंदोलन तथा संवाद के जरिए इन मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। उन्होंने बताया कि संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए भी ठोस कदम तय किए गए हैं।आध्यात्मिक माहौल में आयोजित इस अभ्यास वर्ग को संगठनात्मक दृष्टि से सफल और प्रेरणादायी बताया गया। कार्यक्रम में प्रदेश, संभाग और जिला स्तर के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और प्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

---

आंदोलन से पहले ही एक्शन

## किसान नेता नजरबंद, 15 मांगों को लेकर बढ़ा विवाद

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में प्रस्तावित किसान आंदोलन से पहले ही प्रशासन और किसान संगठनों के बीच टकराव की स्थिति बन गई है। आरोप है कि पुलिस ने कई किसान नेताओं को उनके घरों में ही नजरबंद कर दिया, ताकि वे भोपाल पहुंचकर प्रदर्शन में शामिल न हो सकें।

किसान संगठन अपनी 15 सूत्रीय मांगों को लेकर राजधानी में जुटने की तैयारी कर रहे थे। इसके लिए सीहोर-भोपाल मार्ग पर फंदा टोल नाके पर एकत्र होने की योजना थी, लेकिन आंदोलन शुरू होने से पहले ही पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए कई नेताओं की आवाजाही सीमित



कर दी। जानकारी के अनुसार देवास, रतलाम सहित कई जिलों में किसान नेताओं के घरों के बाहर सुबह से ही पुलिस बल तैनात कर दिया गया। उन्हें घर से बाहर निकलने की अनुमति नहीं दी गई। किसान मजदूर महासंघ के पदाधिकारियों का कहना है कि करीब 30 जिलों से कार्यकर्ता भोपाल आने वाले थे, लेकिन पुलिस ने अलग-अलग जगहों पर उन्हें रोक दिया।

किसान नेताओं का कहना है कि उनकी मांगों पर सरकार ध्यान नहीं दे रही है, इसलिए वे शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखना चाहते थे। उनका कहना है कि यदि मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

किसानों की प्रमुख मांगों में गेहूं खरीदी में आ रही दिक्कतों का समाधान, कम दाम पर बेचने वाले किसानों को भावांतर योजना का लाभ, पराली जलाने के मामलों को वापस लेना, कर्ज चुकाने की समय सीमा बढ़ाना, प्राकृतिक आपदा पर राहत और बीमा राशि का भुगतान, फसलों के दाम लागत के आधार पर तय करना, कर्जमाफी, दूध के दाम बढ़ाना, मूंग की स्र्स्क पर खरीदी और खाद-बीज की पर्याप्त उपलब्धता शामिल हैं।

---

## बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक बढ़त पर जश्न, नेताओं के बयानों में दिखा उत्साह

**भोपाल** । पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक बढ़त ने मध्य प्रदेश में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह भर दिया है। राजधानी भोपाल समेत प्रदेश के विभिन्न भाजपा कार्यालयों में जश्न का माहौल है, जहां ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच कार्यकर्ता एक-दूसरे को बधाई दे रहे हैं और झालमुड़ी खिलाकर खुशी साझा कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस बढ़त को अहंकार पर राष्ट्रवाद की जीत बताते हुए कहा कि बंगाल की जनता ने विकास और मजबूत नेतृत्व के पक्ष में अपना विश्वास जताया है। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि अराजकता और आतंक के दौर का अंत तय हो गया है और अब राज्य में नई दिशा में विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। ग्वालियर में



उन्होंने इस माहौल की तुलना होली और दिवाली जैसे त्योहारों से करते हुए इसे ऐतिहासिक क्षण बताया। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए इसे लंबे समय के संकल्प की पूर्ति बताया और कहा कि कार्यकर्ताओं के संघर्ष का परिणाम अब सामने आ रहा है। वहीं मंत्री कैलाश विजयवर्गीय इस मौके पर भावुक नजर आए। उन्होंने कहा कि तमाम चुनौतियों और आरोपों के बावजूद कार्यकर्ताओं ने हार नहीं मानी और आज की बढ़त उसी संघर्ष का परिणाम है। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी लगातार हार की ओर बढ़ रही है और यह परिणाम उसी का संकेत है। उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और मंत्री गौतम टेटवाल ने भी बंगाल में बदलाव की बात कहते हुए इसे 'जंगलराज' और 'आतंक' के अंत की शुरुआत बताया।

भोपाल में सनातन धर्म सेवा समिति द्वारा आम लोगों को झालमुड़ी बांटकर खुशी जताई गई, जबकि उज्जैन की बंगाली कॉलोनी में महिलाओं ने शंख बजाकर पारंपरिक तरीके से जश्न मनाया। प्रदेश भर में भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह चरम पर है और इसे आगामी राजनीतिक दिशा के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

### उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने भाजपा की जीत को बताया मोदी के नेतृत्व और जनविश्वास का परिणाम

भोपाल ।उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने पश्चिम बंगाल, असम और पुदुचेरी में भारतीय जनता पार्टी को मिली ऐतिहासिक जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह विजय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व, जनहितकारी नीतियों और जनता के अटूट विश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की गरीब कल्याण, स्वास्थ्य, आवास, स्वच्छता और वित्तीय समावेशन जैसी योजनाओं ने समाज के हर वर्ग तक सीधा लाभ पहुंचाया है, जिससे जीवन स्तर में सुधार और सरकार-जनता के बीच विश्वास मजबूत हुआ है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र ने समावेशी विकास को गति दी है, जिसका परिणाम यह जनादेश है।



उन्होंने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के संगठनात्मक कौशल, रणनीतिक प्रबंधन और कार्यकर्ताओं से निरंतर संवाद की भी सराहना की।

शुक्ल ने कहा कि यह जनादेश विकास, स्थिरता और सशक्त नेतृत्व के प्रति जनता की प्राथमिकता को दर्शाता है तथा भाजपा सरकार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र निर्माण और जनसेवा के कार्यों को और गति देगी।

---

## राज्य निर्वाचन आयोग सख्त , खर्च का हिसाब नहीं देने पर 28 प्रत्याशी अयोग्य, 16 पर एक साल की रोक

**भोपाल** । मध्य प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव 2022 के दौरान चुनाव खर्च का ब्यौरा जमा नहीं करने वाले 28 पार्षद प्रत्याशियों के खिलाफ राज्य निर्वाचन आयोग ने सख्त कार्रवाई की है। आयोग ने इन्हें अयोग्य घोषित कर दिया है। हालांकि इनमें से 16 उम्मीदवारों को केवल 1 साल के लिए अयोग्य ठहराया गया है, जिससे वे आगामी चुनाव में हिस्सा ले सकेंगे, जबकि 12 उम्मीदवार अगले चुनाव से वंचित रहेंगे।यह कार्रवाई विदिशा जिले की नगरपालिका विदिशा, गंजबासौदा, नगर परिषद लटेरी और कुरवाई से जुड़े मामलों में की गई है। आयोग द्वारा अलग-अलग सुनवाई के बाद 28 अप्रैल को आदेश जारी किए गए, जिसमें कहा गया कि संबंधित उम्मीदवारों ने नोटिस मिलने के बावजूद न तो सुनवाई में हिस्सा लिया और न ही चुनाव खर्च का




विवरण प्रस्तुत किया।आयोग के सचिव दीपक सिंह द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सभी प्रत्याशियों को चुनाव संपन्न होने के बाद अगस्त 2022 तक अपने खर्च का पूरा हिसाब जमा करना अनिवार्य था। इसके लिए उन्हें नोटिस भी भेजे गए, लेकिन जानकारी नहीं देने पर नगर निगम और नगरपालिका अधिनियम के प्रावधानों के तहत उन्हें चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित किया गया।गौरतलब है कि प्रदेश में अगला नगरीय निकाय चुनाव 2027 में प्रस्तावित है, ऐसे में एक साल की अयोग्यता पाने वाले उम्मीदवारों के लिए आगे चुनाव लड़ने का रास्ता खुला रहेगा, जबकि अन्य पर इसका सीधा असर पड़ेगा।

भाजपा की जीत पर सांसद कार्यालय में मनाया जश्न

# जनता लंबे समय से बदलाव की प्रतीक्षा कर रही थी : सांसद



**देवास**

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद देवास में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। परिणाम घोषित होते ही सिविल लाइन रोड स्थित सांसद कार्यालय पर कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ पड़ा, जहां सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी के नेतृत्व में भव्य जश्न मनाया गया।

ढोल-नगाड़ों की गूंज, आतिशबाजी की चमक और मिठाइयों की मिठास के बीच कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई दी। भारत माता की जय और वंदे मातरम जैसे नारों से पूरा क्षेत्र देशभक्ति के रंग में सराबोर हो गया। कार्यकर्ता ढोल की थाप पर जमकर नाचे और जीत की खुशी साझा की। इस दौरान सांसद सोलंकी ने कार्यकर्ताओं के साथ पारंपरिक बंगाली नाश्ता झालमुड़ी का आनंद भी लिया। सांसद सोलंकी ने इस जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व, केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और संगठन की मजबूत कार्यशैली को दिया। उन्होंने कहा कि यह परिणाम जनता के विश्वास और पार्टी के प्रति बढ़ते समर्थन का प्रतीक है। उन्होंने आगे कहा कि यह सफलता कार्यकर्ताओं की मेहनत, समर्पण और बूथ स्तर तक किए गए प्रभावी कार्य का परिणाम है। साथ ही उन्होंने ममता बनर्जी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश की जनता लंबे समय से बदलाव की प्रतीक्षा कर रही थी। पिछले कई वर्षो से दमनकारी, शोषणकारी ममता सरकार के पतन का इंतजार पूरे देश को था और आज प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार परचम लहराया है। इस अवसर पर कमल शर्मा, दिलीप जाधव (बाबासाहब), जगदीश सेन, शंभू अग्रवाल, पंकज वर्मा,प्रवीण वर्मा, लालसिंह पवार, राकेश सिंघल, मनीष जैन, शुभम जाधव, अनुज शर्मा, संतोष वर्मा, जयेश पडियार, संतोष भावसार, प्रकाश पवार, बंटी मंगरोलिया, जयंत सिसोदिया, सुभाष मंडलोई, ईश्वर परासिया, सुरेंद्र सिंह गंभीर, शिवाजी चौहान, निरज चौहान, गौरव सेन सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जिन्होंने इस जीत को ऐतिहासिक बताते हुए इसे देश और पार्टी के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उक्त जानकारी देवास शाजापुर लोकसभा मीडिया प्रभारी शेखर कौशल ने दी।

# स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर हुई विस्तृत चर्चा

**मंदसौर।** कलेक्टर अदिती गर्ग की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की बैठक सुशासन भवन स्थित सभागृह में आयोजित की गई।



बैठक में गरोठ विधायक चंदर सिंह सिसोदिया, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना, सिविल सर्जन डॉ. रावत, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चौहान सहित समिति सदस्य एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिला चिकित्सालय की विभिन्न व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। प्रमुख रूप से चिकित्सालय में आदर्श पब्लिक टॉयलेट निर्माण की अनुमति, नवीन सीसीबी भवन से मुख्य चिकित्सालय भवन तक पहुंच मार्ग पर शेड निर्माण, पोस्टमार्टम रूम परिसर में आवश्यक कार्य, माइक्रोबायोलॉजी लैब की व्यवस्थाएं तथा सोनोलॉजिस्ट की उपलब्धता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। कलेक्टर गर्ग ने विशेष रूप से निर्देश दिए कि जिला चिकित्सालय में उपलब्धता के अनुसार प्रत्येक मरीज को समय पर रक्त उपलब्ध हो, इसके लिए ठोस एवं प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने 108 एंबुलेंस सेवा के सुगम एवं त्वरित संचालन को सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

# झालमुड़ी खिलाकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जीत का जश्न



**देवास**

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय देवास में सोमवार, 4 मई 2026 को भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. रायसिंह सेंधव के नेतृत्व में पार्टी नेताओं, वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल सहित देश के विभिन्न विधानसभा चुनावों में मिली प्रचंड जीत का उत्सव मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। तथा झालमुड़ी खिलाकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जीत का जश्न ।

इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. रायसिंह सेंधव ने अपने संबोधन में कहा कि यहां जीत विकसित भारत के 2047 का संकल्प तथा इस जीत के बाद दक्षिण भारत का जीत द्वार खुल गया है। देश की जनता ने एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी की नीतियों, विकास कार्यों और सुशासन पर भरोसा जताया है। यह जीत केवल पार्टी की नहीं, बल्कि देश के हर उस नागरिक की जीत है जो विकास, सुरक्षा और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार होते देखना चाहता है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा किए गए ऐतिहासिक निर्णयों और जनकल्याणकारी योजनाओं का ही परिणाम है कि आज जनता ने हमें प्रचंड समर्थन दिया है।

आने वाले समय में भी भाजपा कार्यकर्ता इसी समर्पण और सेवा भाव के साथ जनता के बीच कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष बहादुर मुकाती, राजीव खंडेलवाल, महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, ओम जोशी, जिला महामंत्री राजेश यादव, मनीष सोलंकी, विजय सिंह पवार, संजय दायमा, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि भेरूलाल अटारिया, प्रमोद डोगलिया, मनोहर जाधव, वासुदेव परमार, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र नवोत्री, शुभम चौहान, सुरेश तिलोदिया, प्रतीक सोलंकी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।

»न्यूज ब्रीफ

## पटवारी एवं मैदानी कर्मचारियों को सहयोग के निर्देश

**आगर मालवा।** जनगणना-2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 1 मई से 30 मई 2026 तक किया जा रहा है। इस कार्य को सुचारू, समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से संपादित करने के लिए अपर कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी श्री आरपी वर्मा द्वारा संबंधित विभागों को आवश्यक सहयोग प्रदान करने के निर्देश जारी किए गए हैं। जारी निर्देशानुसार चार्ज क्षेत्र अंतर्गत एचएलबी में मैदानी स्तर पर कार्यरत पर्यवेक्षकों एवं सुपरवाइजरों को सहयोग उपलब्ध कराने हेतु संबंधित क्षेत्र के पटवारियों, रोजगार सहायकों एवं अन्य मैदानी कर्मचारियों की सहायता ली जाएगी। अपर कलेक्र ने निर्देशित किया है कि संबंधित अधिकारी अपने क्षेत्राधिकार अंतर्गत कार्यरत पटवारियों, रोजगार सहायकों एवं मैदानी स्तर के कर्मचारियों को जनगणना कार्य में नियुक्त पर्यवेक्षक एवं सुपरवाइजर को आवश्यक सहयोग प्रदान करने हेतु निर्देशित करना सुनिश्चित करें, जिससे मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य सुगमता से निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जा सके।

## तीन युवक बाइक हादसे में गंभीर- सिया के पास देर रात हुआ हादसा, इंदौर रेफर किया

**देवास।** सिया क्षेत्र के पास रविवार देर रात एक सडक़ हादसे में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल से इंदौर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, घायल युवकों की पहचान देवेंद्र, राहुल और अजय के रूप में हुई है। ये तीनों तराना में एक दोस्त की शादी में शामिल होने के बाद देर रात अपनी बाइक से देवास के पास स्थित अपने गांव पुवाल्डा लौट रहे थे। सिया के पास उनकी बाइक अचानक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे की परिस्थितियों का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें इंदौर रेफर कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिजन भी रात में अस्पताल पहुंच गए और घायलों को आगे के इलाज के लिए इंदौर लेकर रवाना हुए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# इंटर स्कूल ओपन फेंसिंग प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**देवास**

श्री कृष्ण पब्लिक स्कूल में आयोजित इंटर स्कूल ओपन फेंसिंग प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न स्कूलों के खिलाडिय़ों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में फॉइल, ईपी और सेबर इवेंट के मुकाबले आयोजित किए गए, जिनमें अलग-अलग आयु वर्ग के खिलाडिय़ों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कुल 27 स्कूलों के 158 खिलाडिय़ों की भागीदारी रही, जिससे आयोजन का उत्साह और प्रतिस्पर्धा देखने लायक रही। इस प्रतियोगिता में फॉइल इवेंट में बालिका वर्ग के मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। इसमें अलग-अलग आयु वर्ग में आयरा खान सूरी (चोइथराम स्कूल), लिबा काजी (इंदौर पब्लिक स्कूल), इशिका वर्मा (लिटिल एंजिल स्कूल),



आश्मी चौहान (प्रोग्रेसिव एजुकेशन स्कूल), मनुश्री हार्डिया (सेंट अर्नाल्ड स्कूल) और हबीबा खान (सेंट राफिल्स स्कूल) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किए। खिलाडिय़ों के खेल कौशल और तकनीकी प्रदर्शन ने दर्शकों और उपस्थित अतिथियों की सराहना बटोरी। ईपी इवेंट में भी खिलाडिय़ों ने दमदार प्रदर्शन किया। इस इवेंट में आशीना खान और सारा मंसूरी (अल हिरा पब्लिक स्कूल), आयुषी बोरासी (एंजिल हार्ट एकेडमी), सिद्धि व्यास और राधिका सहिते (श्री कृष्ण पब्लिक स्कूल) तथा तनुश्री हार्डिया (सेंट अर्नाल्ड स्कूल) ने अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किए। वहीं सेबर इवेंट में इरम खान (अल हिरा पब्लिक स्कूल) और तय्यबा अली (एम ए बी एफ एम एकेडमी) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीतकर अपने स्कूल का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्य अतिथि विक्रांत आखरे, स्कूल के डायरेक्टर विकास शर्मा तथा विशेष अतिथि हितेश झरिया ने पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

# धूप-गर्मी से राहत के लिए की पहल चौराहों पर ग्रीन नेटशेड लगाया



**देवास**

भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए नगर निगम ने एक नई पहल की है। शहर के प्रमुख चौराहों पर हरे रंग के नेट शेड लगाए जा रहे हैं, जिससे ट्रैफिक सिग्नल पर रुकने वाले वाहन चालकों को तेज धूप से बचाव मिल रहा है। इस पहल की शुरुआत एबी रोड स्थित उज्जैन तिराहे से की गई है। उज्जैन तिराहे पर लगभग 15 से 20 फीट ऊंचा और 30 फीट चौड़ा नेट शेड लगाया गया है। इसे सिग्नल से कुछ मीटर पहले इस तरह स्थापित किया गया है कि लाल बत्ती पर रुकने वाले वाहन चालकों को सीधी धूप से छांव मिल सके। जहां पहले लोग अपने स्तर पर गर्मी से बचने के लिए अस्थायी उपाय कर रहे थे, वहीं अब नगर निगम की इस व्यवस्थित पहल से आमजन को काफी राहत मिली है। यह सुविधा विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित हो रही है। शहरवासियों का कहना है कि 42-43 डिग्री सेल्सियस तापमान में सिग्नल पर खड़ा रहना मुश्किल होता था, लेकिन अब इन शेड्स के लगने से धूप और लू का असर कम हुआ है। नगर निगम की योजना है कि इस तरह के नेट शेड शहर के अन्य प्रमुख चौराहों जैसे सयाजी गेट, बस स्टैंड, मोती बंगला, मेंढकी और भोपाल चौराहे पर भी लगाए जाएं।

## शास. पॉलिटेक्निक महाविद्यालय शाजापुर में प्रवेश प्रारंभ

**शाजापुर।** शास. पॉलिटेक्निक महाविद्यालय शाजापुर में सत्र 2026-27 के लिए डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। तकनीकी शिक्षा विभाग की काउंसलिंग के तहत पहला चरण 4 मई से 29 मई 2026 तक ऑनलाईन पंजीयन का रहेगा। शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय प्राचार्य विपुल परमार्थी ने बताया कि कॉलेज में मेकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, कम्प्यूटर साईंस एवं इलेक्ट्रानिक्स एण्ड टेली कम्यूनिकेशन ब्रांच में प्रवेश उपलब्ध हैं। छात्र-छात्राएं इस दौरान अपनी पसंद के संस्थान और कोर्स का चयन कर सकते है। पंजीयन में त्रुटि सुधार का अवसर 31 मई 2026 तक दिया जायेगा। इसके पश्चात् मेरिट सूची जारी कर सीट आवंटन किया जायेगा।

## सामुहिक राष्ट्रगॉन एवं वन्दे मातरम का गायन

**नीमच।** कलेक्टर कार्यालय नीमच में सोमवार को सामुहिक राष्ट्रगॉन एवं वंदेमातरम का गायन किया गया। राष्ट्रगॉन, मप्र गान एवं वन्देमातरम का गायन एडीएम बीएस कलेश एवंजिला अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति में हुआ। इस मौके पर कलेक्टोरेट परिसर स्थित सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने सामुहिक रूप से राष्ट्रगॉन, वंदे मातरम एवं मप्र गॉन का गायन किया। तदपश्चात मई माह में शासकीय कार्यो की शुरूआत की गई। इस अवसर पर कलेक्टोरेट, राजस्व, भू-अभिलेख, श्रम, सहकारिता विभाग, शिक्षा, कोषालय, जनसंपर्क कार्यालय, शहरी विकास अभिकरण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-

आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित

# स्वास्थ्य जांच के साथ टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाई गई

**मंदसौर**

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत जिले में निरंतर आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज मल्हारगढ़ तहसील के ग्राम बरखेड़ा पंत में आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जोखिम क्षेत्र से जुड़े लोगों का व्यापक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

इस दौरान एक्स-रे जांच, रक्त जांच, ब्लड प्रेशर, बॉडी मास इंडेक्स सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांचें कर हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया। शिविर के माध्यम से जन-जागरूकता बढ़ाने पर भी विशेष जोर दिया



गया। छात्र-छात्राओं के लिए कार्यशाला आयोजित कर टीबी रोग के लक्षण, बचाव एवं उपचार के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से आमजन को नि:शुल्क जांच एवं परामर्श उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे टीबी जैसी गंभीर बीमारी की समय रहते पहचान और उपचार सुनिश्चित किया जा सके।

संगठित अपराध पर ऐतिहासिक फैसला

# एमपी हाईकोर्ट ने बीएनएस की धारा 111(4) के उपयोग पर लगाई सख्ती

**देवास**

नए आपराधिक कानून ढांचे के तहत एक महत्वपूर्ण निर्णय में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 111(4) के दायरे और उसके उपयोग को लेकर अहम स्पष्टता प्रदान की है।

यह प्रावधान पहले भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) में मौजूद नहीं था, जिससे इसे एक नई और कठोर कानूनी व्यवस्था के रूप में देखा जा रहा है। न्यायमूर्ति गजेंद्र सिंह ने एक आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई करते हुए धारा 111(4) के तहत लगाए गए आरोप को निरस्त कर दिया और यह स्पष्ट किया कि इस तरह के गंभीर प्रावधानों को बिना ठोस आधार के लागू नहीं किया जा सकता।

न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि संगठित अपराध सिंडिकेट की सदस्यता से संबंधित इस धारा का प्रयोग केवल तभी किया जा सकता है, जब अभियोजन पक्ष यह सख्ती से स्थापित करे कि आरोपी के खिलाफ पिछले दस वर्षों के भीतर ऐसे मामले दर्ज हुए हों, जिनमें सक्षम न्यायालय द्वारा संज्ञान लिया गया हो, और साथ ही आरोपी की किसी संगठित अपराध सिंडिकेट में सक्रिय संलिप्तता के स्पष्ट प्रमाण मौजूद हों। अदालत ने मामले के तथ्यों का विश्लेषण करते हुए पाया कि आरोपी के विरुद्ध बताए गए पूर्व प्रकरण एक ही समयावधि के हैं और उन्हें निरंतर अवैध गतिविधि की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। इस आधार पर न्यायालय ने माना कि धारा 111(4) के आवश्यक तत्व इस मामले में पूर्ण नहीं होते हैं, जिसके कारण संगठित अपराध से जुड़ा आरोप कानून की दृष्टि में टिक नहीं सकता। इसी के चलते न्यायालय ने उक्त आरोप को अस्थिर मानते हुए खारिज कर दिया। इस निर्णय को नए आपराधिक कानून के तहत संगठित अपराध से संबंधित प्रावधानों के उपयोग पर एक महत्वपूर्ण मार्गदर्शक के रूप में देखा जा रहा है। इस मामले में याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता वरुण मिश्रा ने प्रभावी पैरवी की, जिनकी दलीलों को न्यायालय ने महत्वपूर्ण आधार माना।

सभी उपार्जन केंद्रों पर किसानों के लिए मूलभूत सुविधाओं रखें : सुश्री बाफना

# रबी विपणन वर्ष 26-27 के तहत, गेहूं उपार्जन कार्य का निरीक्षण किया

**शाजापुर**

कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत आज जिले के विभिन्न केंद्रों पर किए जा रहे गेहूं उपार्जन कार्य का निरीक्षण किया।

इस दौरान कलेक्टर सुश्री बाफना ने ग्राम राणोगंज में दीपतारा वेयर हाउस (उपार्जन संस्था पैक्स मोहम्मदखेड़ा), ग्राम मउघाट में गजेन्द्र वेयर हाउस (उपार्जन संस्था पैक्स उचोद), कालापीपल में यशोदा वेयर हाउस (उपार्जन संस्था पैक्स कालापीपल) व अष्ट विनायक वेयर हाउस (उपार्जन संस्था विपणन सहकारी संस्था कालापीपल), ग्राम नांदनी में केशव वेयर हाउस (उपार्जन संस्था पैक्स नांदनी), ग्राम ढाबलाधीर में बाबा महाकाल वेयर हाउस (उपार्जन संस्था रानी स.ाल



कालापीपल) व वेयर हाउस (उपार्जन संस्था माँ अन्नपूर्णा एसएचजी सेमली) तथा बेहरावल में उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सुश्री बाफना ने अपने समक्ष उपज की तुलाई के वजन का परीक्षण किया। उन्होंने समिति प्रबंधकों को शासन के निर्देशानुसार निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप फसल की तुलाई करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने उपार्जन केन्द्रों पर बारदानों की उपलब्धता एवं परिवहन की जानकारी भी प्राप्त की।

**सभी उपार्जन केंद्रों पर किसानों के लिए मूलभूत सुविधाओं रखें-** कलेक्टर सुश्री बाफना ने सभी केन्द्रों पर तौल प्रक्रिया, भंडारण व्यवस्था, किसानों की बैठने की व्यवस्था, पेयजल, छाया एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति देखी। साथ ही संबंधित अधिकारियों को पर्याप्त पेयजल, छाया तौलकांटा, छलना रखने तथा प्रात: 8 बजे से उपार्जन केन्द्र खोलने के निर्देश दिये। उन्होंने परिवहन गाड़ियों को भरने के लिए अतिरिक्त हम्माल को लगाकर भरने व खुले स्थानों पर उपार्जित गेंहू का परिवहन करने के निर्देश दिए।

**उपार्जन कार्य पारदर्शिता एवं समयबद्धता से करें-** कलेक्टर सुश्री बाफना ने संबंधित प्रबंधको को निर्देश दिए कि उपार्जन कार्य पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ संपन्न किया जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही बिल बनाकर किसानों का भुगतान समय पर सुनिश्चित करे, किसानों को बिल पर्ची पर सील एवं साईन कर दे।

**किसानों को समय पर भुगतान करें-** कलेक्टर सुश्री बाफना ने मध्यप्रदेश सिविल सप्लाई कार्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारी को निर्देश दिये कि एसी नोट जारी कर टीसी जारी करें, ताकि किसानों को शीघ्र व समय पर भुगतान हो जाये।

**नॉन एवं एफएक्यू गुणवत्ता की सही तरीके से जांच करें-** कलेक्टर सुश्री बाफना ने सर्वेयर को निर्देश दिए कि गेहूं को अनावश्यक रूप से रिजेक्ट न करें एवं एफएक्यू गुणवत्ता की सही तरीके से जांच करें।

**किसानों से चर्चा कर उनकी समस्या सुनी-** कलेक्टर सुश्री बाफना ने निरीक्षण के दौरान उपार्जन केन्द्रों पर उपस्थित किसानों से चर्चा की।

मांगलिक भवन संचालक सफाई-पार्किंग का रखें विशेष ध्यान

# लापरवाही पर होगी सीलिंग की कार्रवाई : एसडीएम

**नीमच**

रात 10 बजे बाद डीजे प्रतिबंधित, अग्निशमन यंत्र व रजिस्ट्रेशन अनिवार्य, निरीक्षण में गंदगी मिली तो लगेगा जुर्माना नीमच शहर में संचालित निजी मैरिज गार्डन।

मांगलिक भवन व सामुदायिक भवनों के संचालकों की बैठक सोमवार को तहसील कार्यालय स्थित मीटिंग हॉल में एसडीएम श्री संजीव साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

**बैठक के मुख्य बिंदु-** बैठक में विवाह समारोह व अन्य आयोजनों के बाद होने वाली गंदगी, बदबू तथा पार्किंग की समस्या पर मुख्य रूप से चर्चा हुई।

**एसडीएम की सख्त हिदायत-** एसडीएम श्री साहू ने सभी मेरिज गार्डन, मांगलिक भवन संचालकों को पर्याप्त साफ-सफाई रखने व पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था रखने की हिदायत दी।

उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि निरीक्षण के दौरान यदि कहीं भी गंदगी पाई गई अथवा पार्किंग व्यवस्था के अभाव में आवागमन प्रभावित होता पाया गया, तो संबंधित के विरुद्ध जुर्माना एवं मैरिज गार्डन, मांगलिक भवन को सील करने जैसी सख्त कार्यवाही की जावेगी।

**ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण-** रात 10 बजे बाद ध्वनि विस्तार यंत्रों (डीजे) का उपयोग पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा।

**अग्नि सुरक्षा-** सभी मांगलिक भवनों में अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए।

# खुद पर बेवजह का दबाव न डालना ही महत्वपूर्ण : अदा शर्मा



बॉलीवुड अभिनेत्री अदा शर्मा का मानना है कि आज के तेजी से बदलते दौर में काम और निजी जिंदगी के बीच सही संतुलन बनाना हमेशा संभव नहीं हो पाता। अभिनेत्री ने हाल ही में काम और निजी जीवन के बीच संतुलन बनाने की चुनौतियों पर खुलकर बात की है। उन्होंने वर्क-लाइफ बैलेंस की तुलना जेंगा के खेल से की, जिसमें थोड़ा सा बदलाव भी पूरे ढांचे को बिगाड़ सकता है। अदा ने कहा कि यह जेंगा के खेल जैसा लगने लगता है। बस एक और शूट जुड़ता है और सब कुछ डगमगा जाता है। उनका कहना है कि परफेक्ट बैलेंस के पीछे भागने के बजाय, वह दिन को हल्के-फुल्के अंदाज में जीने पर ध्यान देती हैं। उनके लिए छोटे-छोटे पलों में खुशी ढूंढना और खुद पर बेवजह का दबाव न डालना ही सबसे महत्वपूर्ण है। अदा ने आगे कहा कि उन्होंने यह बात अच्छी तरह समझ ली है कि वह परफेक्ट बैलेंस बनाने में उतनी अच्छी नहीं हैं, लेकिन इतना जरूर कर लेती हैं कि पूरी तरह टूट न जाएं। वे कई बार पांच घंटे की नींद को भी सेहतमंद मान लेती हैं और उसी के सहारे अपना पूरा दिन आराम से निकाल लेती हैं। उनके लिए यह एक तरह की स्वीकृति है कि हर दिन आदर्श नहीं हो सकता, लेकिन फिर भी उसमें खुशियां ढूंढी जा सकती हैं। अदा ने यह भी बताया कि उनके लिए एक सफल दिन तब होता है जब वह समय पर शूट पूरा कर लें, हंस लें, समय पर खाना खा लें और सबसे महत्वपूर्ण बात, उन्हें याद रहे कि उन्होंने अपना फोन कहाँ रखा है। उनके मुताबिक, जीवन की ये छोटी-छोटी जीत ही असली वेलनेस हैं, जो व्यक्ति को मानसिक और भावनात्मक रूप से संतुष्ट रखती हैं। काम की बात करें तो 33 वर्षीय अभिनेत्री अदा शर्मा को हाल ही में फिल्म तुमको मेरी कसम में देखा गया था, जिसे विक्रम भट्ट ने डायरेक्ट किया है। यह फिल्म डॉ. अजय मुर्डिया के जीवन से प्रेरित बताई जाती है, जो इंदिरा आईवीएफ के संस्थापक हैं। इस फिल्म में अनुपम खेर, इश्वाक सिंह और ईशा देओल जैसे अनुभवी कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आए थे। अब अदा जल्द ही एक और महत्वपूर्ण फिल्म गवर्नरः द साइलेंट सेवियर में नजर आएंगी, जिसमें उनके साथ दिग्गज अभिनेता मनोज बाजपेयी भी होंगे। यह फिल्म 1991 के आर्थिक संकट के दौरान भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर रहे एस. वेंकटरमणन के समय से प्रेरित बताई जा रही है, हालांकि मेकर्स ने अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। इस फिल्म को सनशाइन पिक्चर्स ने प्रेजेंट किया है और इसका निर्देशन चिन्मय मंडलेकर ने किया है।

## पंजाब किंग्स को हराकर पांचवे नंबर पर पहुंची गुजरात, मुम्बई हुई बाहर

अहमदाबाद (ईएमएस)।

गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले में पंजाब किंग्स को हराकर अपनी प्लेऑफ की संभावनाएं बनाये रखी हैं। गुजरात अब पांचवें स्थान पर पहुंच गयी है। वहीं मुम्बई इंडियंस की टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी है। पंजाब की टीम हार के बाद भी नंबर एक पर बनी हुई है। गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले में साई सुदर्शन की 57 रनों की आक्रामक पारी से जीत हासिल की। गुजरात की गेंदबाजी भी हावी रही और उसने पंजाब को 163 रन ही बनाने दिये। इसके बाद जीत का लक्ष्य हासिल करने उतरी टाइटंस के लिए सुदर्शन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को अहम जीत दिलाई। अंक तालिका में पंजाब किंग्स नंबर एक पर बनी रही।

वहीं पंजाब किंग्स 9 मैचों में 6 जीत, 2 हार और एक मैच का परिणाम नहीं निकलने कारण 13 अंक लेकर शीर्ष पर बनी हुई है। वहीं, गुजरात टाइटंस, इस जीत के बाद 10 मैचों में 6 जीत दर्ज करते हुए 12 अंक लेकर अंक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गयी है। अंक तालिका में दूसरे स्थान पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु है, जिसने पंजाब जितने ही 9 मैच खेलकर 6 जीत और 3 हार के साथ 12 अंक हासिल किए हैं। इसके बाद सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स भी 12 अंकों के साथ ही तीसरे और चौथे स्थान पर बरकरार हैं।

## फर्स्ट क्लास क्रिकेट में रोड्स सहित इन गेंदबाजों का रहा है खौफ

लंदन (ईएमएस)। विश्व क्रिकेट में आजकल बल्लेबाजों का ही बोलबाला है और मैच एक प्रकार से बल्लेबाजी प्रधान हो गये हैं। वहीं गेंदबाज कमजोर पड़ते जा रहे हैं। इससे मैदान पर चौकों-छक्कों की बरसात के साथ ही बड़ी पारियां देखने को मिल रही हैं। वहीं अगर विश्व क्रिकेट इतिहास पर गौर करें तो एक से बढ़कर एक गेंदबाज रहे हैं जिनका सामना करना बल्लेबाज के लिए खौफनाक रहा है। इन गेंदबाजों ने जिस प्रकार चाहा है बल्लेबाजों को नचाया। फर्स्ट-क्लास क्रिकेट में 4000 हजार से अधिक विकेट लेने वाले विलफ्रेड रोड्स सहित इन गेंदबाजों का दबदबा है।




विलफ्रेड रोड्स = इसमें सबसे ऊपर हैं विलफ्रेड रोड्स, जिन्होंने गेंदबाजी के लगभग सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। 1898 से 1930 तक 32 वर्षों के अपने शानदार करियर में, रोड्स ने कुल 1110 मैच खेले और इस दौरान उन्होंने 1,85,742 गेंदें फेंककर, मात्र 16.72 की औसत से कुल 4204 विकेट लिए। फर्स्ट-क्लास क्रिकेट में उनके 4204 विकेट आज भी एक ऐसा शिखर हैं, जिस तक पहुंचा भी अब संभव सा लगता है।

पी. फ्रीमैन = वहीं के पी. फ्रीमैन का, जिन्होंने 1914 से 1936 के बीच अपनी मारक क्षमता का प्रदर्शन किया। मात्र 592 मैचों में फ्रीमैन ने 3776 विकेट लेकर अपनी धाक जमाई। उन्होंने 1,54,658 गेंदें फेंकीं और एक पारी में 10 विकेट (10/53) लेने का अविश्वसनीय कारनामा भी किया। उनका औसत 18.42 रहा है।

सीडब्ल्यूएल. पार्कर = अगला नाम है सीडब्ल्यूएल. पार्कर का, जिन्होंने 1903 से 1935 तक अपनी स्पिन कला से बल्लेबाजों को परेशान किया। 635 मैचों के करियर में पार्कर ने 3278 विकेट अपने नाम किए। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 10/79 था, जो उस युग के गेंदबाजों की सटीकता और नियंत्रण को दर्शाता है। वे 19.46 की औसत से बल्लेबाजी की कमर तोड़ने के लिए जाने जाते थे।

जेटी. हर्न = 1888 से 1923 के बीच क्रिकेट खेलने वाले जेटी. हर्न ने 639 मैचों में 3061 विकेट लिए हैं। 1,44,470 गेंदें फेंकने वाले हर्न का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 9/32 था। 17.75 की शानदार औसत के साथ, वे उस दौर के सबसे प्रभावी और किफायती गेंदबाजों में से एक थे।

## अश्विन बोले, धोनी को अपने गेंदबाजों पर रहता था पूरा भरोसा



चेन्नई (ईएमएस)। पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि जितना भरोसा उनको गेंदबाजों पर रहता था उतना किसी और में नहीं देखा है। अश्विन ने धोनी की कप्तानी कौशल के लिए नहीं, बल्कि उनकी विकेटकीपिंग और खेल के प्रति स्पष्ट सोच के लिए है। अश्विन ने स्पष्ट किया कि उन्हें स्पिनरों के सामने धोनी जैसी विकेटकीपिंग करते हुए किसी और को नहीं देखा है।

अश्विन ने कहा कि लोग धोनी की शानदार कप्तानी की बहुत तारीफ करते हैं, और उनकी सफलता इस बात का प्रमाण है, लेकिन उनके लिए धोनी की दो विशेषताएं सबसे अलग हैं। पहली, एक मध्य क्रम के बल्लेबाज के रूप में उनकी क्षमता, जो खेल को आखिर तक ले जाकर अनुकूल परिणाम में बदल सकते थे। और दूसरी, स्पिन गेंदबाजों के सामने उनकी अद्भुत विकेटकीपिंग, जिसमें उन्हें कोई सानी नहीं।अश्विन ने धोनी के अपनी गेंदबाजों पर भरोसे को भी याद किया। उन्होंने बताया, धोनी ने कभी मेरे लिए फील्डिंग नहीं सजाई। मैं अपनी फील्डिंग स्वयं जमाता था। धोनी उन्हें बस एक सरल सलाह देते थे- दोहरा अनुमान मत लगाओ। पहले से कुछ मत सोचो। अगर तुम्हारी गेंद पर कोई बड़ा शॉट लगता है, तो कोई बात नहीं। अगर कोई जोखिम लेता है तो लेने दो। बस अपनी तय फील्डिंग के हिसाब से गेंदबाजी करो। इस बात से अश्विन को महसूस होता था कि धोनी को उन पर पूरा विश्वास था।

इस भरोसे और धोनी की सजगता का एक उदाहरण देते हुए अश्विन ने 2011 के आईपीएल फाइनल को याद किया, जब धोनी ने क्रिस गेल को शून्य पर आउट करने के लिए स्टंप के पीछे एक शानदार कैच लपका था। अश्विन के अनुसार, आप मैच की रणनीति और विकेट गिरने के बारे में बात कर सकते हैं, लेकिन धोनी ने जिस तरह से वह कैच पकड़ा, वह वास्तव में लाजवाब था। अश्विन ने अपने आईपीएल करियर (2009-25) में कुल 221 मैचों में 187 विकेट लिए हैं।

## क्रिकेटरों की गर्लफ्रेंड्स के रहने को लेकर सख्त नियम बनाने जा रहा बीसीसीआई

मुम्बई (ईएमएस)।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खिलाड़ियों की गर्लफ्रेंड्स के रहने को लेकर सख्त नियम बनाने जा रहा है। बीसीसीआई ये कदम मुख्य रूप से भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों को रोकने, खिलाड़ियों की आचार संहिता को बनाए रखने और उनकी छवि को देखते हुए उठा रहा है। जहां भारतीय टीम के विदेशी दौरों के दौरान खिलाड़ियों की पत्नियों और परिवार के सदस्यों के साथ रहने को लेकर पिछले साल बोर्ड ने सख्त नियम




बनये थे, वहीं आईपीएल में इस प्रकार के कोई नियम नहीं है जिसका लाभ खिलाड़ी उठा रहे हैं। आईपीएल में खिलाड़ियों की यात्रा और ठहरने की व्यवस्था की जिम्मेदारी आमतौर पर टीम मालिकों की होती है पर बोर्ड के पास इसमें हस्तक्षेप के अधिकार हैं। पिछले कुछ सत्र में कई खिलाड़ी अपनी गर्लफ्रेंड्स के साथ यात्रा करते और होटलों में रुकते देखे गए हैं, जिससे बोर्ड नाराज हैं। बीसीसीआई इसलिए भी परेशान है क्योंकि कुछ खिलाड़ियों की गर्लफ्रेंड्स पर बेटिंग ऐप्स के लिए काम करने का संदेश है। यह भ्रष्टाचार रोधी नियमों के उल्लंघन के साथ ही खेल की अखंडता के लिए खतरा है। इसके अतिरिक्त, कई युवा भारतीय क्रिकेट खिलाड़ियों की गर्लफ्रेंड्स सोशल मीडिया पर इन्फ्लुएंसर हैं और अपने पेज पर विभिन्न प्रोडक्ट्स, जिनमें बेटिंग ऐप्स और शराब ब्रांड्स भी शामिल हैं, का प्रचार करती हैं।



(फोटो-ईएमएस) चीन के शेनसी प्रांत में विश्व एक्वेटिक आर्टिस्टिक तैराकी विश्वकप 2026 के मुकाबले में भाग लेती हुई रूसी टीम।

## आरसीबी को झटका, चोटिल होने के कारण इंग्लैंड वापस गये सॉल्ट

मुम्बई (ईएमएस)। आईपीएल में मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की ओर से खेल रहे इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट चोटिल होने के कारण स्वदेश लौट गये हैं। माना जा रहा है कि कि सॉल्ट उंगली में लगी चोट की जांच और इलाके लिए अपने घर गये हैं। साल्ट के स्वदेश लौटने से आसीबी की बल्लेबाजी प्रभावित हुई है। इससे उनकी टीम आरसीबी की खिताब बचाने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सॉल्ट को यह चोट दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में लगी थी। बाउंड्री लाइन के पास एक शॉट लगाते समय उनकी बाएं हाथ की उंगली में काफी चोट आई थी। जिसके बाद से ही वह खेल से दूर हैं। चोट इतनी गंभीर हैं कि फ्रेंचाइजी को उन्हें जांच और इलाके लिए स्वदेश भेजना पड़ा। आरसीबी ने अभी तक सॉल्ट की चोट की गंभीरता और उनके इंग्लैंड रवाना होने को लेकर कोई बयान जारी नहीं किया है, जिससे भी प्रशंसक साल्ट की वापसी को लेकर आशंकित हैं।

सॉल्ट के बाहर होने से उनकी जगह पर इंग्लैंड के ही युवा बल्लेबाज जैकब बेथेल को शीर्ष क्रम में अवसर मिला है। इस सत्र में साल्ट ने 6 पारियों में 168.33 के शानदार स्ट्राइक रेट से कुल 202 रन बनाए थे। उनकी विस्फोटक बल्लेबाजी ने विपक्षी गेंदबाजों पर दबाव बनाया था और टीम के मध्यक्रम के लिए एक मजबूत मंच तैयार किया था। उनकी अनुपस्थिति में टीम की शुरुआत धीमी पड़ रही है, जिसका सीधा असर कुल स्कोर पर दिख रहा है।रिपोर्ट के अनुसार, सॉल्ट और टीम मैनेजमेंट दोनों को उम्मीद है कि वह इस महीने के अंत तक भारत लौटकर टीम के साथ जुड़ सकते हैं।

## टी20 में सबसे धीमे शतक का रिकार्ड है स्टर्लिंग के नाम

मुम्बई (ईएमएस)। टी20 क्रिकेट में जहां बल्लेबाज तेजी से शतक पूरा करने के लिए जमकर चौके, छक्के लगाते हैं और लोगों को आतिशी खेल देखने को मिलता है। वहीं आयरलैंड के सलामी बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग इसके अपवाद है। स्टर्लिंग के नाम इस प्रारुप में सबसे धीमा शतक है। उन्होंने ये शतक साल 2021 में बनाया था जिसने प्रशंसकों को हैरानी में डाल दिया था हालांकि इसके बाद भी। उन्होंने जिम्बाब्वे के टी20 इतिहास का सबसे धीमा शतक लगाकर आयरलैंड को 40 रनों की जीत दिलाई थी।



स्टर्लिंग ने अपने शतक तक पहुँचने के लिए 70 गेंदों को खेला था। उन्होंने कुल 75 गेंदों में 115 रनों की अहम पारी खेली, जिसमें 8 चौके और इतने ही शानदार छक्के शामिल थे। यह रिकॉर्ड आज भी बना हुआ है और शायद भविष्य में कोई बल्लेबाज इसे तोड़ना पसंद न करे, क्योंकि टी20 क्रिकेट हमेशा तेजी पर टिका है। स्टर्लिंग की इस पारी ने ये जरुर साबित किया है कि धीमी बल्लेबाजी से भी जीत संभव है। स्टर्लिंग की इस धीमी पारी से आयरलैंड की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 178 रन बनाये। स्टर्लिंग को एंडी बालबर्नी का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने 24 गेंदों में 31 रन की पारी खेली। शेन गेटकेट ने 19 और केविन ओब्रायन ने 9 रन बनाये जिससे टीम एक मजबूत स्थिति में पहुँच सकी। वहीं जिम्बाब्वे की ओर से ल्यूक जोंगवे और रायन बर्ल ने एक-एक विकेट हासिल किया।

इसके बाद 179 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे की शुरुआत बेहद निराशाजनक रही और टीम नियमित अंतराल पर विकेट गंवाती रही। कोई भी बल्लेबाज बड़ी साझेदारी बनाने में सफल नहीं हो सका। कप्तान क्रेग इर्विन ने सर्वाधिक 33 रन बनाए, जिसके लिए उन्होंने 18 गेंदों का सामना करते हुए 3 चौके और 2 छक्के लगाए। रायन बर्ल ने भी 24 गेंदों में 26 रनों का योगदान दिया, लेकिन ये प्रयास टीम को जीत दिलाने के लिए अपर्याप्त साबित हुए।आयरलैंड की बेहतरीन गेंदबाजी के सामने जिम्बाब्वे की पूरी टीम 18.2 ओवर में मात्र 138 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।

## एकजुट होकर प्रदर्शन करने से गुजरात टाइटंस को मिल रही सफलता : होल्डर

अहमदाबाद (ईएमएस)।

गुजरात टाइटंस के ऑलराउंडर जेसन होल्डर ने आईपीएल में पंजाब किंग्स के खिलाफ मिली जीत पर उत्साहित होते हुए कहा है कि हमारी सफलता का कारण एक ईकाई के तौर पर खेलना रहा है। आईपीएल के इस मुकाबले में गुजरात ने अंक तालिका में नंबर एक पर चल रही पंजाब किंग्स को 4 विकेट से हरा दिया। होल्डर ने इस मैच में 4 ओवर में ही केवल 24 रन देकर 4 विकेट लिए और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

होल्डर ने कहा कि टीम की सफलता का सबसे बड़ा कारण उसका एकजुट होकर खेलना रहा है। टीम किसी एक खिलाड़ी पर निर्भर नहीं है। उन्होंने कहा, यही हमारी टीम का टेम्पलेट रहा है। हमारे पास मजबूत खिलाड़ी हैं और हर मुकाबले में अलग-अलग खिलाड़ी आगे आकर अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि टीम किसी एक स्टार खिलाड़ी पर निर्भर नहीं करती, बल्कि हर मैच में एक नया हीरो सामने आता है। इसी से टीम अब तक टिकी हुई है।

होल्डर ने साथ ही कहा, हमने अभी तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी नहीं किया है, फिर भी हम जीत हासिल कर रहे हैं। यह बयान टीम की गहराई और क्षमता को दर्शाता है। उनके अनुसार, टीम अभी अपनी क्षमता के शिखर पर नहीं पहुंची है।

